सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

संपादकः संजय बघेल

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

रविवार 6 जुलाई 2025 • वर्ष : 10 • अंक : 94 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan




@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी खराबी के बाद विमान पार्किंग बे में वापस लौटा

**कोलकाता।** थाई लॉयन एयर की कोलकाता से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट में टेक्निकल खामी के कारण पार्किंग बे लौटाया गया। एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मुताबिक, फ्लाइट टीएलएफ 242 (बोइंग 737-800) विमान शनिवार सुबह 1.35 बजे बैंकॉक के डॉन मुआंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरकर कोलकाता लैंड हुआ था। इसी फ्लाइट को टीएलएफ 243 के तौर पर सुबह 2.35 बजे वापस बैंकॉक के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन उड़ान से पहले विमान के फ्लैप में तकनीकी खामी का पता चला। फ्लाइट में 130 यात्री और 7 क्रू मेंबर मौजूद थे। खामी की जानकारी के बाद सभी यात्रियों को उतारा गया और विमान को पार्किंग बे लाया गया। इसकी उड़ान आज के लिए टाली गई है। सभी यात्रियों को होटल में ठहराया गया।

### झारखंड के रामगढ़ में अवैध कोयला खदान का हिस्सा ढहा

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में अवैध खनन के दौरान कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से 4 मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक खदान में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। घटना जिले के कर्मा इलाके में तड़के हुई। राहत और बचाव कार्य के लिए प्रशासनिक टीम को भेजा गया है।

### दिल्ली के करोल बाग में बने विशाल मेगा मार्ट में आग, 2 की मौत

**नईदिल्ली।** दिल्ली के करोल बाग इलाके में बनी बिल्डिंग में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई। आग शुक्रवार को लगी थी। दिल्ली फायर ब्रिगेड के मुताबिक आग बुझाने के लिए 13 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जब कर्मचारी अंदर पहुंचे तो उन्हें कुमार धीरेंद्र प्रताप सिंह (25) लिफ्ट में फंसे मिले। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि पदम सिंह रोड पर बनी चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल से शाम करीब 6.44 बजे आग लगने की सूचना मिली। यह विशाल मेगा मार्ट आउटलेट है, जहां किराने और कपड़े के सामान बेचे जाते हैं।

### भारत को मिला एफ-35 स्टेल्थ युद्धपोत

**नईदिल्ली।** भारतीय नौसेना को आईएनएस उदयगिरि (एफ-35) के रूप में प्रोजेक्ट 17ए का दूसरा स्टेल्थ फ्रिगेट मिला, जो मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने रिकॉर्ड 37 महीनों में तैयार किया। यह जहाज शिवालिक क्लास का उन्नत संस्करण है और ब्लू वॉटर ऑपरेशंस के लिए डिजाइन किया गया है।

# नेशनल हाईवे पर अब सिर्फ आधा टोल लगेगा: सरकार ने इसमें 50 प्रतिशत की कटौती की




नई दिल्ली। एजेंसी

**सरकार** ने नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स में 50प्रतिशत तक की कटौती की है। यह कटौती विशेष रूप से उन हाईवे पर हुई है जहां ब्रिज, टनल, फ्लाईओवर या एलिवेटेड स्ट्रेच मौजूद हैं। यहां यात्रा करने के लिए अब कम टोल चुकाना होगा। इससे सफर की लागत घटेगी।

### यहां 7 सवालों के जरिए समझें इसका आप पर क्या असर होगा...

- **1. सवाल : नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स को लेकर क्या नया बदलाव हुआ है?**

जवाब : सरकार ने नेशनल हाईवे पर उन हिस्सों के लिए टोल टैक्स को 50प्रतिशत तक कम कर दिया है, जहां पुल, सुरंग, फ्लाईओवर या एलिवेटेड रास्ते हैं। यानी अब इन रास्तों पर सफर करना पहले से सस्ता हो जाएगा।

- **2. सवाल : नए बदलाव के बाद क्या होगा ?**

**जवाब :** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक सीनियर अफसर के अनुसार पुराने नियमों के चलते हर किलोमीटर में किसी स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सामान्य टोल फीस का 10 गुना चार्ज देना पड़ता था। यह तरीका उस इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत पूरा करने के लिए बनाया गया था। अब नए नियमों में यह टोल टैक्स करीब 50प्रतिशत तक घट जाएगा।

- **3. सवाल : टोल टैक्स कम करने का फॉर्मूला क्या है?**

**जवाब :** नए नियम के तहत, टोल की गणना दो तरीकों से होगी और जो कम होगा, वही लागू होगा। अगर राजमार्ग का कोई हिस्सा पुल या सुरंग जैसी संरचना है, तो टोल की गणना के लिए संरचना की लंबाई को 10 गुना करके सामान्य सड़क की लंबाई में जोड़ा जाएगा, या फिर पूरे हिस्से की लंबाई को 5 गुना किया जाएगा। इनमें से जो कम होगा, उसी के आधार पर टोल लिया जाएगा।

- **4. सवाल : इससे किसे फायदा होगा?**

**जवाब :** खास तौर पर उन लोगों को फायदा होगा जो ऐसे राजमार्गों पर सफर करते हैं, जहां 50प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा पुल, सुरंग या फ्लाईओवर जैसे ढांचों का है। मिसाल के तौर पर, द्वारका एक्सप्रेसवे जैसे रास्तों पर टोल पहले 317 रुपए था, जो अब 153 रुपए हो सकता है।

- **5. सवाल : यह बदलाव क्यों किया गया?**

**जवाब :** सरकार का मकसद यात्रियों की यात्रा लागत को कम करना है, खासकर उन रास्तों पर जहां ढांचों की लागत ज्यादा होने की वजह से टोल ज्यादा वसूला जाता था। यह कदम खासकर शहरों के आसपास के बाइपास और रिंग रोड्स पर सफर करने वालों के लिए फायदेमंद होगा।

- **6. सवाल : क्या यह नियम सभी राजमार्गों पर लागू होगा?**

**जवाब :** नहीं, यह नियम सिर्फ उन राजमार्गों पर लागू होगा जहां 50प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा संरचनाओं (जैसे पुल, सुरंग, फ्लाईओवर) से बना है। सामान्य सड़कों पर टोल पहले जैसा ही रहेगा।

- **7. सवाल : इस बदलाव का असर कब से दिखेगा?**

**जवाब :** यह नियम अब लागू हो चुका है, और यात्रियों को जल्द ही इन रास्तों पर कम टोल देना शुरू करना होगा। खासकर द्वारका एक्सप्रेसवे जैसे हाई-प्रोफाइल रास्तों पर इसका असर साफ दिखेगा।

# पीएनबी घोटाला : नीरव मोदी का भाई अमेरिका में अरेस्ट

निहाल पर पीएनबी घोटाले के सबूत मिटाने का आरोप, ईडी-सीबीआई ने प्रत्यर्पण की अपील की थी



वॉशिंगटन। एजेंसी

**पीएनबी** घोटाले के आरोपी नीरव मोदी के भाई निहाल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी 4 जुलाई को की गई।

भारत के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने निहाल के प्रत्यर्पण की अपील की थी। निहाल की जमानत पर सुनवाई 17 जुलाई को नेशनल डिस्ट्रिक्ट ऑफ होनोलूलू में होगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### पीएनबी घोटाले में शामिल होने का आरोप

अमेरिका में एलएलडी डायमंड्स के साथ धोखाधड़ी के अलावा निहाल मोदी पर 13,600 करोड़ रुपए के पीएनबी घोटाले में शामिल होने और सबूत मिटाने का आरोप है। ईडी और सीबीआई की जांच में पता चला है कि निहाल ने नीरव मोदी की मदद में अहम भूमिका निभाई थी। फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल करके गैर-कानूनी पैसे को छिपाया था।

**निहाल मोदी के खिलाफ दो आरोपों में कार्रवाई हुई है-**

मनी लॉन्ड्रिंग

आपराधिक साजिश

# मध्य प्रदेश के 20 शहरों में भारी बारिश

काशी में मणिकर्णिका घाट डूबा, छत पर अंतिम संस्कार ; हिमाचल में अब तक 69 मौतें



नई दिल्ली/भोपाल। राष्ट्रबाण

मप्र के 20 शहरों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई। मंडला, सिवनी और बालाघाट जिलों में रेड अलर्ट रहा। जबलपुर में गैस सिलेंडर वाला ट्रक पानी में डूब गया। मंडला में बाढ़ की स्थिति है। टीकमगढ़ में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा है।

यूपी में काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के ज्यादातर शवदाह वाले प्लेटफार्म गंगा नदी में डूब गए हैं। शवों का अंतिम संस्कार घाट की छत पर करना पड़ रहा है। आसपास के छोटे मंदिर भी जलमग्न हो चुके हैं।

राजस्थान में 1 जून से अब तक 167.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 137 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, लगातार मानसून एक्टिव होने से अब एक भी जिला सूखा नहीं है। जबकि पिछली जुलाई के पहले हफ्ते तक 14 जिले सूखे की चपेट में थे।

हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश तबाही मचा रही है। उफनती नदियों से 14 पुल बह गए हैं। प्रदेश की 500 सड़कें पूरी तरह से बंद हैं। कांगड़ा, मंडी, चंबा और शिमला जिलों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और लैंडस्लाइड से 69 लोगों की जान चली गई। सबसे बुरी स्थिति मंडी जिले में है, जहां 17 लोग मारे गए और 40 अभी भी लापता हैं। उत्तरप्रदेश में भी तेज बारिश जारी है। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में आधा से ज्यादा डूब गया। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा चौकियां डूब गईं। यहां गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है।

### • छत्तीसगढ़ के कोरबा में पुल बहा, गांव का शहर से संपर्क टूटा

छत्तीसगढ़ के कोरबा में 20 साल पुराना पुल और सड़क तेज बारिश में बह गया। गेरांव के बांस झर्रा में पुल बहने से बड़मार क्षेत्र का संपर्क कई गांव से कट गया है। मार्ग पर आना जाना बंद है। यहां तेज बारिश जारी है।

### • मणिकर्णिका घाट डूबा, छत पर कर रहे अंतिम संस्कार

काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के ज्यादातर शवदाह वाले प्लेटफार्म गंगा में डूब गए हैं। अब शवों का अंतिम संस्कार घाट की छत पर करना पड़ रहा है। वहीं, आसपास बने छोटे-छोटे मंदिर भी जलमग्न हो चुके हैं।

# भारत आकर किडनी बेच रहे बांग्लादेशी

तस्करी का शिकार हुआ पूरा गांव ; पैसा भी पूरा नहीं मिला

**ढाका/कोलकाता।** बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिमी जिले जॉयपुरहाट का एक छोटा-सा गांव बाइगुनी अब वन किडनी विलेज के नाम से कुख्यात हो चुका है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक भारत और बांग्लादेश के बीच चल रही इस अवैध अंग तस्करी ने कई परिवारों की जिंदगियों को बर्बाद कर दिया है। 45 वर्षीय सफीरुद्दीन इसी गांव के निवासी हैं। 2024 की गर्मियों में उन्होंने भारत आकर 2.5 लाख रुपए में अपनी किडनी बेच दी थी। उनका मकसद गरीबी से निकलना और अपने तीन बच्चों के लिए घर बनाना था, लेकिन अब उनका मकान अधूरा है, शरीर में लगातार दर्द है और काम करने की ताकत नहीं बची।

सफीरुद्दीन कहते हैं, दलालों ने कहा था सब आसान होगा। मैंने सब कुछ बच्चों के लिए किया। लेकिन ऑपरेशन के बाद मेरा पासपोर्ट, मेडिकल पर्चियां और दवाइयां सब गायब हो गईं।

# तो हम गुंडे हैं : उद्धव ठाकरे

**उद्धव और राज ठाकरे ने कहा-** हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं-48 मिनट के भाषण में दोनों बोले- अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी, तो हम गुंडे हैं

मुंबई। एजेंसी

**महाराष्ट्र** में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने %मराठी एकता% पर शनिवार को मुंबई के वर्ली सभागार में रैली की। दोनों ने 48 मिनट तक हिंदी-मराठी भाषा विवाद, मुंबई-महाराष्ट्र, भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

कहा कि तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया। हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी है तो हम गुंडे हैं।

उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर नजर आए। आखिरी बार 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।

**सबसे पहले राज ठाकरे 25 मिनट बोले, कहा- आडवाणी भी मिशनरी स्कूल में पढ़े**



### हमारे बच्चे ही नहीं, सभी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ें

हमारे बच्चे इंग्लिश मीडियम जाते हैं तो हमारी मराठी पर सवाल उठते हैं। लालकृष्ण आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े। दक्षिण में स्टालिन, कनिमोझी, जयललिता, नारा लोकेश, आर रहमान, सूर्या, सभी ने अंग्रेजी में पढ़ाई की है। रहमान ने डायस छोड़ दिया जब एक वक्ता ने हिंदी में बोलना शुरू किया। बालासाहेब और मेरे पिता श्रीकांत ठाकरे ने अंग्रेजी में पढ़ाई की है, लेकिन वे मातृभाषा मराठी के प्रति बहुत संवेदनशील थे।

**तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया:** ये तीन भाषा का फॉर्मूला कहां से आया, ये सिर्फ केंद्र सरकार से आया है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आज सब कुछ अंग्रेजी में है। किसी और राज्य में ऐसा नहीं है।

### उद्धव ने स्पीच दी, कहा- तो हां, हम गुंडे हैं

**हम भी गुंडे हैं :** 1992 में जब मुंबई में हिंसा फैली थी, तो यहां के मराठी लोगों ने हिंदुओं की जान बचाई थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बोला है कि वह गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। तो उन्हें बता देना चाहता हूं कि अगर वह अपनी भाषा (मराठी) को लेकर गुंडागर्दी करेंगे तो फिर हम भी गुंडे हैं।

**हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं :** आजादी के वक्त हमने मुंबई के लिए लड़ाई लड़ी। उस समय के राजनेता नहीं चाहते थे कि महाराष्ट्र में मराठी हों। अब केंद्र की मोदी सरकार कहती है कि हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान। हमें हिंदू और हिंदुस्तान तो चाहिए, लेकिन जबरदस्ती हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपकी सात पीढ़ियां भी अगर हम पर हिंदी थोपेंगी तब भी हम ऐसा होने नहीं देंगे।

# वक्फ कानून-नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी, सभी वक्फ संपत्ति का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा

नई दिल्ली। एजेंसी

**केंद्र** सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया है। ये नियम वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण, ऑडिट और खातों के रखरखाव से जुड़े हैं।

नए नियमों के तहत एक केंद्रीकृत पोर्टल और डेटाबेस बनाया गया है, जिसमें देशभर की वक्फ की पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा।




इसमें वक्फ संपत्तियों की सूची अपलोड करना, नया पंजीकरण, वक्फ रजिस्टर का रखरखाव, खातों की जानकारी देना, ऑडिट रिपोर्ट प्रकाशित करना और बोर्ड के आदेशों को दर्ज करना शामिल है।

वक्फ संपत्ति का प्रबंधक (मुतवल्ली) अपने मोबाइल नंबर और ईमेल के जरिए ह्ळ्ऋक्क से लॉगिन करके पोर्टल पर रजिस्टर करेगा। इसके बाद वक्फ और उसकी संपत्ति का विवरण अपलोड कर सकेगा।

नई वक्फ संपत्ति को बनने के तीन महीने के अंदर पोर्टल पर फॉर्म 4 में पंजीकरण कराना होगा। वक्फ बोर्ड पोर्टल पर फॉर्म 5 में वक्फ का रजिस्टर बनाए रखेगा। नए नियम वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत बनाए गए हैं, जो 8 अप्रैल 2025 से लागू हुआ है।

# अमरनाथ : चंदरकोट में काफिले की बसें टकराईं, 36 घायल

पहलगाम रूट पर हादसा, बस के ब्रेक फेल हुए थे

श्रीनगर। एजेंसी

**अमरनाथ** यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 36 यात्री घायल हो गए हैं। हादसा तब हुआ, जब ब्रेक फेल होने के कारण एक बस का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इससे काफिले में शामिल तीन और बसें आपस में टकरा गईं।

खबर मिलते ही रेस्क्यू टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रामबन ले जाया गया है। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से पहलगाम के लिए रवाना किया गया है।

इससे पहले भारी बारिश के बावजूद 6,900 से तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ है। इस जत्थे में 5196 पुरुष, 1427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है।

# पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या

मिलने पहुंचे डिप्टी सीएम पर फूटा मां का गुस्सा ; बोलीं- मेरा बेटा भी बीजे में था

पटना, एजेंसी।

**बिहार** में शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे बिजनेसमैन गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों की माने तो मर्डर शूटर से कराया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए स्ज्ञस्न की टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

आईजी जितेंद्र राणा ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं। जिस पर जांच हो रही है। शूटर ने गोली मारी है। उसके साथ कुछ लाइजनर भी थे। शूटर से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। शूटर और शूटर को भेजने वालों की



जानकारी मिल चुकी है। हत्या क्यों की गई ये भी लगभग सामने आ चुका है। जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन पर खेमका का मां का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा भी बीजेपी में था।

### अपार्टमेंट के गेट के सामने खेमका का मर्डर

पटना में गोपाल खेमका को उनके अपार्टमेंट के गेट के ठीक सामने अपराधी ने गोली मारी थी। खेमका गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास कटारुका निवास में रहते थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें पटना के मेडिवर्सल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोपाल खेमका देर रात खुद गाड़ी ड्राइव करते हुए बांकीपुर क्लब से घर लौटे थे। वो जैसे ही अपार्टमेंट के पास पहुंचे, घात लगाए अपराधी ने सिर में गोली मार दी। अपराधी बाइक से आया था।

100 साल पहले अमेरिका से सुपर पावर की रेस में था, 7 बार कैसे दिवालिया हुआ

# अर्जेंटीना में मोदी- फुटबॉल का दीवाना देश, करप्शन में बर्बाद

ब्यूनस आयर्स। एजेंसी

*दुनिया में सिर्फ चार तरह की इकोनॉमी होती हैं, डेवलप्ड, अंडर डेवलप्ड, जापान और अर्जेंटीना।*

70 के दशक में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री साइमन कुजनेट्स ने यह बात मजाक में कही थी, लेकिन अर्जेंटीना के बुरे हालात बयान करने के लिए यह एक मशहूर जुमला बन गया।

जापान 2 परमाणु हमले झेलकर भी दुनिया का टॉप अमीर देश बन गया, जबकि 100 साल पहले अमेरिका के साथ सुपरपावर बनने की रेस में रहा अर्जेंटीना पिछड़ता



चला गया। अर्जेंटीना ने 20वीं सदी में ऐसा पतन झेला, जिसकी इतिहास में दूसरी मिसाल मिलना काफी मुश्किल है। पिछले 100 साल में यह देश 7 बार दिवालिया हो चुका है। यहां 6 तख्तापलट हो चुके हैं। यह देश नेचुरल रिसोर्सेज से मालामाल होने के साथ दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण भौगोलिक लोकेशन पर मौजूद है। इसके बाद भी अस्थिर आर्थिक नीतियों ने इसे मुश्किलों में फंसाए रखा है। पॉलिटिक्स, करप्शन और फुटबॉल का भी इसमें बड़ा योगदान है।

### यूरोप को अनाज बेच दुनिया का अन्न भंडार बना

अर्जेंटीना के विशाल उपजाऊ मैदान को पम्पास कहा जाता है। यह पूरी दुनिया में सबसे उपजाऊ मैदानों में से एक है। प्रथम विश्वयुद्ध में जब यूरोपीय देश जंग में उलझे थे तो वहां खेती और कारोबार ठप हो गया था। यूरोप की इस हालत का अर्जेंटीना ने फायदा उठाया। अर्जेंटीना से गेहूं, मांस, ऊन बड़े पैमाने पर यूरोप भेजे जाने लगे। अर्जेंटीना को 'दुनिया की ग्रेनरी यानी 'अन्न भंडार' कहा जाने लगा। अर्जेंटीना में जब पैसे आए तो वहां यूरोप की कंपनियां पहुंचीं। उन्होंने रेल लाइनें, सड़कें और बंदरगाह बनाने में काफी निवेश किया।

### यूरोपीय देशों की बराबरी की, मंदी से तबाह हुआ

एंगस मैडिसन जैसे इतिहासकारों की रिसर्च के मुताबिक 1925 में अर्जेंटीना की त्नष्टक्ककनाडा, ब्रिटेन, स्पेन, इटली जैसे यूरोपीय देशों के लगभग बराबर हो चुकी थी। अर्जेंटीना दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल हो चुका था, लेकिन कुछ ही समय में स्थिति बदलने वाली थी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 6 जुलाई 2025



# व्यापारी गोपाल खेमका के मर्डर मामले में बेउर जेल के अंदर छापेमारी

## सम्राट चौधरी बोले- दोषियों को घर में घुसकर मारेंगे

राष्ट्रबाण

**पटना.** राजधानी पटना में शुक्रवार रात करीब 11 बजे अपराधियों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया. बेखौफ बदमाशों ने नामी कारोबारी गोपाल खेमका की उनके अपार्टमेंट के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी. घटना उस वक्त हुई जब गोपाल खेमका अपनी कार से उतरकर अपार्टमेंट में दाखिल हो रहे थे. तभी घात लगाए बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए. गोली लगते ही कारोबारी वहीं गिर पड़े, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. व्यापारी के हत्या के मामले में पुलिस को शक है कि हत्या की साजिश बेउर जेल में रची गई थी, इसीलिए पटना की पुलिस की कई टीम इस वक्त जेल में छापेमारी कर रही है.




इस हत्याकांड का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि हमलावर कितनी बेरहमी से वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकले. फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और हत्यारों की तलाश में कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है.

**सम्राट चौधरी बोले- अपराध करने वालों को घर में घुसकर मारेंगे:** गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मामले में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. डिप्टी सीएम ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि जो लोग कानून हाथ में लेंगे, पुलिस उनके घर में घुसकर मारेगी. इसके साथ ही जिन अधिकारियों की लापरवाही से ऐसी घटना घटी है, उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा. अगले 24 घंटे में संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी. सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि न्याय देना सरकार की जिम्मेदारी है और बिहार में कोई ऑर्गेनाइज्ड क्राइम नहीं है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस हत्याकांड की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) का गठन कर दिया गया है और टीम को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं.उन्होंने कहा, 'एसआईटी हर पहलू की बारीकी से जांच करेगी और कोई भी अपराधी चाहे जितना भी ताकतवर हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा. सरकार हर बिंदु पर जांच करेगी और इस जघन्य हत्याकांड में शामिल किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा.'

**'बुलडोजर की कार्रवाई होगी, एनकाउंटर होगा':** मर्डर मामले पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि हमारी नजर उन अधिकारियों पर है, जो उस 'जंगल राज' के दौरान पले-बढ़े थे. जिन गैरजिम्मेदार अधिकारियों ने सख्त और त्वरित कार्रवाई नहीं की है, उनकी जवाबदेही तय की जाएगी. उन्होंने कहा, यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है.

### बुलडोजर की कार्रवाई होगी, एनकाउंटर होगा.

विजय सिन्हा ने कहा, 'यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है. जो लोग इसे 'महा जंगल राज' कह रहे हैं, वे यहां 'गुंडा राज' लाने की मंशा रखते हैं. हमारी नजर उन अधिकारियों पर है, जो उस 'जंगल राज' के दौरान पले-बढ़े थे. जिन गैरजिम्मेदार अधिकारियों ने सख्त और त्वरित कार्रवाई नहीं की है, उनकी जवाबदेही तय की जाएगी. बुलडोजर की कार्रवाई होगी, एनकाउंटर होगा, संपत्ति जब्त होगी और पीड़ित परिवार को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में हम सीएम से चर्चा करेंगे.'

# दिखी PAK पीएम शहबाज की झल्लाहट

## भारत पर लगाए बेबुनियाद आरोप

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.**पाकिस्तान एक बार फिर आतंक पर पर्दा डालने की कोशिश में अपने पुराने राग 'कश्मीर' का सहारा ले रहा है. अजरबैजान में आयोजित इकोनॉमिक कोऑपरेशन ऑर्गनाइ-जेशन (ECO) समिट में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारत पहलगाम हमले को बहाना बनाकर बिना उकसावे के शत्रुता दिखा रहा है और क्षेत्रीय शांति को अस्थिर कर रहा है.

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बौखलाए शहबाज शरीफ ने कहा, जम्मू और कश्मीर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पाकिस्तान के प्रति भारत की अकारण और लापरवाह शत्रुता क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का एक और प्रयास था. गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरण घाटी में हुए भीषण आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी.



### शरीफ की बौखलाहट में कश्मीर और गाजा का जिक्र

ECO समिट में बोलते हुए शरीफ ने एक ओर जहां भारत पर आरोप लगाए, वहीं गाजा और ईरान में हो रहे हमलों की भी आलोचना की. उन्होंने इजरायल के ईरान पर हमलों को 'आक्रामक कार्रवाई' बताया और कश्मीर को लेकर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर रट लगाने की कोशिश की .उन्होंने कहा, "पाकिस्तान दुनिया में कहीं भी, चाहे वह गाजा, कश्मीर या ईरान हो, निर्दोष लोगों के खिलाफ बर्बर कृत्य करने वालों के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है.

## फास्ट ट्रैक

### प्रेमिका की गला रेतकर हत्या

राष्ट्रबाण

**ग्रेटर नोएडा.** दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में 37 वर्षीय महिला की हत्या के आरोप में एक शख्स को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान 38 वर्षीय मुकीम के रूप में हुई है. वो दादरी का रहने वाला है. उसने अपनी प्रेमिका शबनम की गला काटकर हत्या कर दी थी. इसके बाद से फरार चल रहा था. गुरुवार को हुए पुलिस मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी है. जानकारी के मुताबिक, 4 जुलाई को ईकोटेक-3 क्षेत्र की निर्माण विहार कॉलोनी में शबनम नामक महिला का शव खून से लथपथ मिला था. पुलिस जांच में पता चला कि उसका धारदार हथियार से उसका गला काटा गया है. मृतका के बेटे ने पुलिस को दी तहरीर में शक जताया कि उसकी मां को सुनियोजित साजिश के तहत मारा गया है. पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दो टीमें गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी. गुरुवार सुबह पुलिस की टीम जब चौगानपुर गोलचक्कर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध पल्सर बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया. लेकिन युवक ने रुकने की बजाय भागने की कोशिश करने लगा. पुलिस ने जब उसका पीछा किया, तो उसने उनके उपर फायरिंग कर दी. पुलिस ने भी जवाबी गोलीबारी की, जिसमें उसके पैर में गोली लग गई. वो बाइक से नीचे गिर पड़ा. पुलिस ने उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया. पुलिस पूछताछ में आरोपी मुकीम ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. उसने बताया कि वो शबनम के साथ प्रेम संबंध में था, लेकिन उसकी पत्नी और बच्चे इस रिश्ते के खिलाफ थे. यही वजह है कि प्रेमिका से पीछा छुड़ाने के लिए उसने उसकी हत्या की साजिश रच डाली.

# ब्रिटेन के F-35B फाइटर जेट को शिफ्ट करने की तैयारी

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.**ब्रिटेन की रॉयल नेवी का एफ-35 फाइटर जेट जो पिछले 21 दिनों से तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर खड़ा है, अब वहां से हटाया जाएगा. सूत्रों के अनुसार, एक ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कैरियर कल रविवार को तिरुवनंतपुरम पहुंचेगा. इसमें करीब 25 तकनीकी विशेषज्ञ आएंगे, जो इस लड़ाकू विमान की खराबी का आकलन करेंगे.

जानकारी के मुताबिक ब्रिटिश तकनी-शियन तय करेंगे कि इस एफ-35 जेट की मरम्मत भारत में की जा सकती है या फिर इसे वापस ब्रिटेन ले जाना होगा. भारत ने इसे पास की MRO (Main-tenance, Repair and Over-haul) सुविधा में ठीक करने का प्रस्ताव भी दिया था. रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि यदि जरूरत पड़ी तो एफ-35 को आंशिक रूप से खोलकर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के जरिए ब्रिटेन भेजा जा सकता है.

## आज केरल पहुंचेगी रॉयल नेवी की टीम



### प्लेन ने 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग की थी

दरअसल, ब्रिटिश रॉयल नेवी का यह फाइटर जेट, जो HMS Prince of Wales कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है, जो कि 14 जून को एक तकनीकी खराबी के कारण तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करने को मजबूर हुआ था. इसके बाद से यह विमान एक सुरक्षित बेज में खड़ा है, जिसकी छह सदस्यीय सुरक्षा टीम निगरानी कर रही है .ब्रिटिश हाई कमीशन के अनुसार, भारत सरकार की ओर से विमान को एयरपोर्ट स्थित MRO (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) फैसिलिटी में शिफ्ट करने की पेशकश स्वीकार कर ली गई है. ब्रिटिश इंजीनियरों के पहुंचने के बाद विमान को हेंगर में ले जाया जाएगा ताकि अन्य विमानों के शेड्यूल में कोई बाधा न आए.

# थाने पहुंचे युवक की बेरहमी से पिटाई

## वीडियो वायरल होने पर कांस्टेबल के खिलाफ केस

राष्ट्रबाण

**चेन्नई.** तमिलनाडु पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है. शिवगंगा में हिरासत में मौत के बाद अब कल्लकुरिची से थाने के अंदर क्रूरता की एक और तस्वीर सामने आई है. इसने पूरे राज्य को झकझोर दिया है. सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिसिया हिंसा के उस सच को उजागर किया है, जो ज्यादातर दीवारों के अंदर ही दफन रह जाता है. इस मामले में कार्रवाई की जा रही है. 6 जून की इस घटना का खुलासा तब हुआ जब एक वीडियो इंटरनेट पर सामने आया. इसमें एक युवक को पुलिसकर्मी बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं. वीडियो के मुताबिक यह सबकुछ पुलिस स्टेशन के अंदर हुआ. वायरल होते ही वीडियो ने प्रशासन को हरकत में ला दिया. दबाव में आकर आरोपी कांस्टेबल मणिकंदन को सशस्त्र रिजर्व में भेज दिया गया है और उस पर केस दर्ज कर लिया गया है.



इस घटना की जड़ें एक पारिवारिक के समस्या से संबंधित हैं. कल्लकुरिची का जयपाल कुछ समय पहले दुबई गया था. वहां एक व्यक्ति विजय ने उसे नौकरी दिलाई थी. लेकिन कुछ महीनों बाद जयपाल घर लौटा तो उसकी हालत चिंताजनक थी. उसकी पत्नी मलार को शक हुआ कि विदेश में उसके साथ कुछ गंभीर हुआ है. जब उसने विजय से सवाल किया, तो जवाब की बजाय धमकियां मिलने लगीं.लोगों का कहना है कि जब तक बर्खास्तगी, गिरफ्तारी और न्यायिक जांच की मांग नहीं मानी जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. यह मामला ऐसे वक्त पर सामने आया है जब शिवगंगा जिले में हिरासत में मौत की घटना को लेकर तमिलनाडु पुलिस पहले से ही घिरी हुई है. अब कल्लकुरिची की यह क्रूरता राज्य में पुलिस सुधार और जवाबदेही की बहस को फिर से जिंदा कर रही है.

मलार ने जब कचरापालयम थाने में शिकायत दर्ज करवानी चाही तो पुलिस ने मामले को दर्ज करने से इनकार कर दिया. थक-हार कर मलार का भतीजा विक्की थाने पहुंचा और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए. यहीं से हालात बिगड़ गए. प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों विक्की के सवालों से इतने परेशान हो गए कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी. इस पूरी घटना को थाने में मौजूद कैमरों ने रिकॉर्ड कर लिया. इसके अलावा किसी व्यक्ति ने मोबाइल से भी फुटेज कैद की और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी युवक को घसीटते हैं, मारते हैं और उसे इंसाफ मांगने की सजा दी जाती है. इस घटना के बाद जयपाल की तबीयत अचानक और बिगड़ गई. उन्हें कल्लकुरिची मेडिकल कॉलेज ले जाया गया. वहां तीन दिन तक वेंटिलेटर पर रखने के बावजूद उनकी मौत हो गई. मौत की खबर ने पूरे इलाके में आक्रोश फैला दिया.

# कांवड़ यात्रा पर मंडरा रहा गुलदार के हमले का खतरा

## प्रशासन ने शुरू की निगरानी

राष्ट्रबाण

**बिजनौर,** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में कांवड़ यात्रा से पहले गुलदारों का खतरा गहराने लगा है. इलाके में 300 से अधिक गुलदार सक्रिय हैं, जो अब तक 29 लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं. वहीं, सैकड़ों अन्य को घायल कर चुके हैं. गुलदार खेतों और सड़कों के किनारे खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा को भी गंभीर चुनौती उत्पन्न हो गई है.

दरअसल, हर साल हरिद्वार से लाखों की संख्या में कांवड़ यात्री रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा, बरेली, काशीपुर और शाहजहांपुर जैसे जिलों के लिए बिजनौर होते हुए निकलते हैं. यही कारण है कि गुलदार के बढ़ते हमलों को देखते हुए प्रशासन ने समय रहते सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है. प्रशासन और वन विभाग ने मिलकर गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी शुरू कर दी है. सड़कों के किनारे और खेतों में वन विभाग की पेट्रोलिंग टीमें लगातार गश्त कर रही हैं.



# झारखंड की बंद कोयला खदान में अवैध खनन के दौरान हादसा

राष्ट्रबाण

**रामगढ़.** झारखंड के रामगढ़ जिले में शनिवार को एक बंद पड़ी कोयला खदान में अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया. रामगढ़ के कुजू थाना क्षेत्र के कर्मा इलाके में तड़के एक बंद कोयला खदान का हिस्सा ढह गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि कुछ अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक रामगढ़ के एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है. हालांकि स्थानीय लोगों ने पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले तीन शवों को वहां से हटा लिया.पुलिस के अनुसार यह घटना सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) की बंद पड़ी खदान में अवैध खनन के दौरान हुई.

# "आतंकी मसूद अजहर का ठिकाना पाकिस्तान को नहीं पता, भारत सबूत दे तो करेंगे गिरफ्तार"

## बिलावल भुट्टो का बड़ा बयान

राष्ट्रबाण

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के नेता और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अपने बयानों की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं. इस बार उन्होंने आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को लेकर बड़ा बयान दिया है. बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान को नहीं पता है कि जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर का ठिकाना कहां है. उन्होंने कहा कि अगर भारत, पक्के सबूत देता है कि मसूद अजहर पाकिस्तान में है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. बिलावल भुट्टो ने ये बात अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में कही.

**अफगानिस्तान में हो सकता है अजहर: बिलावल भुट्टो** बिलावल भुट्टो ने कहा कि भारत ने अभी तक अजहर के पाकिस्तान में होने के कोई सबूत नहीं दिए हैं. अगर वो ऐसा करता है तो हम अजहर को गिरफ्तार करेंगे. भुट्टो ने ये भी कहा कि अजहर अफ-गानिस्तान में हो सकता है. हालांकि भुट्टो ने ये भी कहा कि अगर अफगा-निस्तान में नाटो उसे नहीं पकड़ सका, तो पाकिस्तान से ऐसा करने की उम्मीद प्रैक्टिकल नहीं है.




**कौन है आतंकी मसूद अजहर?** मसूद अजहर एक कुख्यात आतंकवादी और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (JeM) का संस्थापक और सरगना है. उसका पूरा नाम मौलाना मसूद अजहर अल्वी है और उसका जन्म 10 जुलाई **1968** को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में हुआ था.

### हालही में भारत की कार्रवाई में मारे गए थे मसूद अजहर के परिजन

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त किए गए थे. भारत की इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के 10 परिजन मारे गए थे. परिजनों की मौत पर मसूद अजहर का एक संदेश भी सामने आया था, जिसमें उसका अपने परिजनों के लिए दुख साफ दिखाई दे रहा था.

**राजनीति** क्या शी जिनपिंग का होने वाला है तख्तापलट?

# चीन की कम्यूनीस्ट पार्टी में बड़े बदलाव की आहट

राष्ट्रबाण

**बीजिंग.**क्या चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग का तख्तापलट होने वाला है...क्या चीन में शी जिनपिंग से सत्ता छीनने वाली है?...ये सारे सवाल इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा में हैं. इसकी वजह है चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अचानक से गायब हो जाना. आखिरकार जिनपिंग कहां लापता हो गए हैं, जो मई के आखिरी हफ्ते के बाद से दिखाई नहीं दे रहे हैं.

**जिनपिंग को लेकर क्या आने वाली है बड़ी खबर?**

चीन के सरकारी अखबार जिसमें हर दिन जिनपिंग-जिनपिंग ही छपता था...अब उसी अखबार में उनकी एक अदद खबर तक नहीं छप रही...जो विदेशी वीवीआईपी मेहमान चीन आ रहे हैं उनसे कम्युनिस्ट पार्टी के दूसरे नेता मीटिंग कर रहे हैं. ब्राजील में होने जा रहे ब्रिक्स समिट में भी शी जिनपिंग के शामिल नहीं होने की ऑफिसियल जानकारी दी जा चुकी है. ऐसे में शी जिनपिंग को लेकर सवाल उठने लगे हैं. चीन में नेताओं का चुपके से गायब होना हमेशा सत्ता परिवर्तन का संकेत रहा है. ऐसे में क्या जिनपिंग को लेकर भी कोई बड़ी खबर आने वाली है?



**जिनपिंग को कौन कर सकता है रिप्लेस:** शी जिनपिंग के चीन में बगावत के चलते कमजोर होने की खबरें सुर्खियों में हैं. अब उनके गायब होने की चर्चा है. दुनिया ये जानना चाहती है कि अगर चीन में सत्ता परिवर्तन होने वाला है...तो आखिर जिनपिंग की जगह कौन लेगा? इसमें सबसे बड़े दावेदार के तौर पर चीन के पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के जनरल झांग यूक्सिया का नाम चल रहा है...जो हाल के दिनों में जिनपिंग की मुखालफत में लगे थे. दिलचस्प बात ये है कि झांग यूक्सिया को चीन के पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ का समर्थन हासिल है.

**भारत पर क्या होगा असर?**

ऐसे में अब सवाल ये है कि चीन में होने वाले बदलाव का भारत पर क्या असर पड़ेगा?...क्या भारत-चीन के रिश्तों में तल्खियां बढ़ सकती हैं?...क्या चीन का नया शासक अपनी धाक जमाने के लिए भारत को छेड़ने की गलती करेगा? सवाल ये भी कि आने वाले चुनौतियों से निपटने के लिए भारत क्या करेगा? इन सब सवालों के जवाब आने वाला वक्त ही दे पाएगा.

**क्या 30 जून को दिखे थे जिनपिंग?**

वैसे तो 20 मई से ही जिनपिंग के गायब होने की खबरें आ रही हैं, लेकिन बाद में उन्होंने जून के पहले हफ्ते में बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको से मुलाकात की थी. अभी कुछ दिन पहले ही साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने जिनपिंग का एक वीडियो जारी किया था, जिसमें वह पोलित ब्यूरो को निर्देशित करते दिखाए गए थे. चीन की कम्यूनिस्ट मीडिया के अनुसार उनका यह वीडियो 30 जून का है.

### डिक्टेटर जिनपिंग से सेना में हुई बगावत

शी जिनपिंग की छवि चीन में एक डिक्टेटर की रही है, जिसने खुद को सत्ता में स्थापित करने के लिए कई नियम बनाए और बदले हैं. जिनपिंग ने कई सैन्य अधिकारियों की छुट्टी की है. साथ ही कई विरोधियों का दमन किया है. ऐसी शख्सियत का यूं गायब होना कई सवाल खड़े करता है. इसी साल जून की शुरुआत में जब जिनपिंग ने बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात की थी, उसी वक्त कई चीजें पहली बार नोटिस में आई जो हालात में बदलाव के संकेत दे रहे थे. शी जिनपिंग की बॉडी लैंग्वेज डल दिख रही थी. रेड कार्पेट से चमक-दमक गायब थी, सुरक्षा कर्मियों की संख्या आधी हो चुकी थी. इसके बाद अगला संकेत तब मिला...जब उनके पिता की भव्य समाधि का आधिकारिक दर्जा भी चीन में खत्म कर दिया गया.


# मेरठ मेडिकल कॉलेज में नहाते हुए युवती का वीडियो बनाया

## वायरल करने की धमकी देकर करने लगा ब्लैकमेल

राष्ट्रबाण

**मेरठ,** मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक लड़की कैंसर पीड़ित मां का इलाज कराने आई थी. अस्पताल के बाथरूम में नहाते समय उसका चुपके से वीडियो बना लिया गया. आरोपी ने वीडियो भेजकर युवती को ब्लैकमेल किया और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

दरअसल, अमरोहा की युवती अपनी मां को कैंसर के इलाज के लिए मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के सरदार वल्लभभाई पटेल चिकित्सालय में आई थी. यहां 11 जून को वह मेडिकल कॉलेज पहुंची. इमरजेंसी में इलाज के बाद वार्ड नंबर 11 में उसकी मां को भर्ती कर लिया गया. उस वार्ड में पहले से मुजफ्फर-नगर के रहने वाले महताब की पत्नी भर्ती थी. उसका टीबी का इलाज चल रहा था.



एक दिन युवती वार्ड के बाथरूम में नहाने चली गई. इसी बीच महताब ने अपने मोबाइल से उसका नहाते हुए वीडियो बना लिया. युवती को पता नहीं चला. कुछ दिन बाद इलाज के बाद युवती की मां को छुट्टी मिल गई और वह अपने घर लौट गई. 28 जून को युवती के मोबाइल पर कॉल आया और कॉलर ने वॉट्सएप पर युवती को एक वीडियो भेजा.

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 06 जुलाई 2025

राजधानी राष्ट्रबाण

● बैरसिया ● हुजूर ● कोलार

# भोपाल में शादी का वादा कर युवती से रेप

## रिलेशन खत्म करने से पहले आरोपी बोला– तुम मेरी समाज की नहीं, मां की मर्जी से करूंगा शादी

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के मिसरोद इलाके में रहने वाली युवती के साथ युवक ने शादी का झांसा देकर साढ़े तीन साल तक रेप किया। दोनों एक साथ लिव इन में रहते थे। जब लड़की ने शादी करने का दबाव डाला तो आरोपी ने उससे ब्रेकअप कर लिया। उसके साथ रहने से इनकार करते हुए पीड़िता को दूसरी समाज का बताया। इसी कारण शादी न करने की बात कही। फरियादिया की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसआई श्वेता शर्मा ने बताया कि मूलतः बैतूल निवासी



22 वर्षीय युवती भोपाल में प्राइवेट नौकरी करती है। वह इन दिनों मिसरोद थाना क्षेत्र में रह रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब पांच साल पहले उसके एक दोस्त के माध्यम से उसकी जान-पहचान दानिश नगर निवासी सूरज इनवाती से हुई थी। जल्द ही दोनों की जान-पहचान दोस्ती और फिर प्रेम प्रसंग में बदल गई। इसी बीच सूरज नवंबर 2021 में युवती को अपने परिवार से मिलाने के लिए घर लेकर पहुंचा।

### किराए के कमरे में एक साथ रहे दोनों

अपने घर पर उसने शादी का वादा कर युवती के साथ बलात्कार किया। कुछ समय बाद दोनों लिवइन में साथ रहने लगे और आरोपी उसका शारीरिक शोषण करने लगा। वह पिछले साढ़े तीन सालों से उसके साथ ज्यादती करता आ रहा था। बीती 27 जून को भी आरोपी ने आखरी बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी सूरज अपने वादे से मुकर गया।

### आरोपी बोला- समाज की लड़की से शादी करूंगा

आरोपी ने युवती से कहा कि वह अपनी मां की मर्जी से अपने ही समाज की लड़की से शादी करेगी। आरोपी ने शादी से इनकार करते हुए कहा कि जब तक मेरी शादी नहीं हो जाती तुम्हे मेरे साथ लिव इन में रहना है तो रह सकती हो। तंग आकर पीड़िता ने शनिवार को थाने पहुंच कर शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने रेप का केस दर्ज कर आरोपी सूरज इनवाती को गिरफ्तार कर लिया।

### बैरसिया में भी युवती की शिकायत पर रेप का केस दर्ज

इधर, बैरसिया थाना पुलिस ने भी एक अन्य मामले में युवती की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ बलात्कार का केस दर्ज किया है। रेप करने वाले आरोपी के एक दोस्त को भी आरोपी बनाया है। बैरसिया में रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि गांव में रहने वाले मनोज रैकवार से उसकी जान–पहचान थी। पिछले साल नवंबर में मनोज ने उससे शादी का झांसा देकर रेप किया। जब रेप की घटना को अंजाम दिया गया, तो मनोज का दोस्त संजय जाटव आस पास निगरानी कर रहा था। इसके बाद आरोपी शादी करने से मना करने लगा। इतना ही नहीं शिकायत करने की हालत में पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी देने लगा। तब पीड़िता ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डिजिटल अरेस्ट कर 5 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

## भोपाल की महिला को वीडियो कॉल पर डराया, कहा था– आपके मोबाइल नंबर से होते हैं अनैतिक कार्य



भोपाल। राष्ट्रबाण

खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट करने के बाद महिला से पांच लाख रुपए ऐंठने वाले गिरोह के एक-एक सदस्य को पीथमपुर से गिरफ्तार किया है। बैंक खातों की जानकारी लेते-लेते पुलिस इस आरोपी तक पहुंची थी। आरोपी के खाते में कुछ पैसे गए थे। साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने बताया कि सत्यम शिवम परिसर कोलार में रहने वाली अनु वर्मा ने शिकायत करते हुए बताया था कि उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। उसने पहला फोन वॉट्सऐप कॉल के जरिए किया। इस बातचीत में खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए वीडियो कॉल के जरिए अनु वर्मा को बताया कि आपका मोबाइल नंबर अवैध है। उसका इस्तेमाल अवैध कामों में हुआ है। उसने धमकी दी थी कि आपके नंबर को सीज कर दिया जाएगा। आपको गिरफ्तार भी किया जाएगा। जालसाज व्यक्ति की धमकी से अनु वर्मा डर गई। उनके इसी डर का फायदा उठाते हुए 5 लाख रुपए ऐंठ लिए गए।

### बैंक खाते की जानकारी से मिला सुराग

साइबर क्राइम जिला भोपाल की टीम ने प्रकरण दर्ज करने के बाद उन सभी बैंक खातों की जानकारी निकालना शुरू की जिनके खाते में अनु वर्मा के बैंक खाते से पैसे गए थे। इसकी जानकारी जुटाते-जुटाते पुलिस धार जिले के पीथमपुर तक पहुंची। वहां से आरोपी रविंद्र सिंह पिता जय सिंह (35) निवासी जिला चूरु राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया।

### 12 घंटे तक रखा था डिजिटल अरेस्ट

ठगों ने महिला को एक फर्जी एफआईआर नंबर भी भेजा था। साथ ही नेशनल सीक्रेट केस बताकर किसी अन्य को बताने से मना किया गया। महिला को लगभग 12 घंटों तक अकेले ही वॉट्सऐप वीडियो काल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट कर रखा गया। धमकी दी गई कि किसी अन्य व्यक्ति को इसके बारे में बताया तो स्थानीय थाने के माध्यम से अरेस्ट करके पुलिस कस्टडी में ले लिया जाएगा। जिसके बाद आरोपियों द्वारा फरियादी के बैंक खाते में रखें रुपयों को अवैध रकम होना बताकर वेरिफाई करने के लिए भेजने को कहा गया। इसके बाद फरियादी ने बैंक जाकर आरटीजीएस के माध्यम से 5 लाख रुपए आरोपियों बैंक खाते में भेज दिए गए। संपूर्ण घटना में आरोपियों द्वारा फरियादी को वॉट्सऐप वीडियो काल पर रखा गया।

# भोपाल में 2 अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई

## एसडीएम के सामने तोड़ी पक्की सड़क–बाउंड्रीवॉल, 14 करोड़ जमीन की कीमत



भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के खेजड़ा बरामद में विकसित हो रही 2 अवैध कॉलोनियों पर शनिवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। गोविंदपुरा एसडीएम रवीशकुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में अमले ने पक्की सड़क और बाउंड्रीवॉल तोड़ दी। जमीन की सरकारी कीमत 12 करोड़ रुपए से ज्यादा है। वहीं, 2 करोड़ रुपए कीमत की सरकारी जमीन से भी अवैध कब्जा हटाया गया। एसडीएम श्रीवास्तव ने बताया, ग्राम खेजड़ा बरामद में 3.46 शासकीय भूमि में से 0.40 एकड़ भूमि पर पक्का रोड व बाउंड्रीवॉल बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। यहां कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाया गया। जमीन की कीमत 2 करोड़ रुपए है। इस शासकीय भूमि से लगी 2.81 एकड़ निजी भूमि पर बिना सक्षम अनुमति के राहुल पाल एवं रोहित मीणा अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित कर रहे थे। छोटे-छोटे प्लॉट काटकर वे श्री श्याम सिटी नाम से अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। यहां कार्रवाई करते हुए पक्की सड़क और बाउंड्रीवॉल को तोड़ दिया गया। इस जमीन की कीमत 10.50 करोड़ रुपए है।

### मुस्कान सिटी पर भी कार्रवाई

एसडीएम श्रीवास्तव के अनुसार, खेजड़ा बरामद में ही खसरा क्रमांक 279/3/1 के अंश भाग रकबा 1 एकड़ निजी भूमि पर बिना अनुमति के मुस्कान सिटी नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। सचिन ठाकुर ने छोटे–छोटे प्लॉट काट दिए थे। यहां भी सड़क और प्लॉट मार्किंग तोड़ी की गई। इस जमीन का शासकीय मूल्य 2 करोड़ 56 लाख रुपए है।

# गंभीर रोगियों के लिए एआईआईएमएस में पेलिएटिव केयर यूनिट, अब अंतिम चरण में मानसिक

## सामाजिक और आध्यात्मिक सहारा भी मिलेगा, 10 बेड से हुई शुरुआत



भोपाल। राष्ट्रबाण

कैंसर समेत अन्य गंभीर रोगियों के लिए एआईआईएम भोपाल में पेलिएटिव केयर यूनिट शुरू की गई है। ये यूनिट रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में आने वाले उन मरीजों के लिए तैयार की गई है, जो कैंसर या इस तरह के अन्य जीवन घातक रोग से ग्रसित हैं। यहां उन्हें इलाज के साथ मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक सहारा भी दिया जाएगा। इस यूनिट की शुरुआत फिलहाल 10 बेड के साथ की गई है। इसके उद्घाटन के दौरान एम्स के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि पेलिएटिव केयर यूनिट केवल एक चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि गरिमा, संवेदना और समग्र देखभाल का प्रतीक है। यह वार्ड कैंसर मरीजों और उनके परिजनों की पीड़ा को कम करने की कोशिश करेगा।

### क्यों पड़ी इसकी जरूरत

कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझते मरीज शारीरिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक रूप से भी टूट जाते हैं। ऐसे में पेलिएटिव केयर उन्हें एक ऐसा सहारा देती है, जो इलाज के पार भी साथ रहता है। इसमें सम्मान, समझदारी और सहजता के साथ मरीजों को डील करने पर फोकस होता है। जिससे गंभीर बीमारी के अंतिम चरण में भी मरीजों को गरिमापूर्ण और स्नेहभरा वातावरण मिल सके। यह चिकित्सा से आगे एक मानवीय पहल मानी जाती है।

### पेलिएटिव केयर यूनिट इसलिए खास

- दर्द और लक्षणों का प्रबंधन मानसिक और सामाजिक काउंसलिंग
- परिवार से मिलने और समय बिताने की अलग व्यवस्था
- मरीज की मौत पर परिजनों को परामर्श और सहयोग
- मरीजों के लिए करुणामयी और गरिमामय वातावरण

### यूनिट के लिए विशेष टीम तैनात

इस यूनिट की खास बात है टीम आधारित देखभाल प्रणाली। जिसमें डॉक्टर, नर्स, काउंसलर और सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर मरीज की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं। यह टीम विशेष रूप से इस यूनिट के लिए तैनात की गई है। यहां केवल रोग का इलाज नहीं, बल्कि मरीज और परिवार के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से काम किया जाएगा।

# भोपाल में राष्ट्रध्वज जलाने का विरोध

## निगम ऑफिस में पहुंचे लोग, बोले–कार्रवाई हो; पुलिस से भी शिकायत

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के वार्ड-50 स्थित 12 नंबर बस स्टॉप में निगम के वार्ड ऑफिस के पास राष्ट्रध्वज जलाने को लेकर शनिवार को कई लोगों ने विरोध कर दिया। उन्होंने निगम ऑफिस में पहुंचकर हंगामा किया। वहीं, पुलिस से भी शिकायत की। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष निक्की चौबे ने बताया कि वार्ड-50 के निगम ऑफिस के बाहर झंडे जलाए जा रहे थे। इस पर एक युवक ने ऐसा करने से रोका। इस मामले में शाहपुरा थाने में आवेदन दिया है। राष्ट्रध्वज जलाना राष्ट द्रोह की श्रेणी में आता है।

इस मामले में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। विरोध कर रहे दीपक जाधव ने बताया कि वार्ड कार्यालय के बाहर निगमकर्मी ही प्लास्टिक के करीब 50 ध्वज जला रहे थे। जिन्हें पकड़ लिया। पिछले चार दिन से वे ऐसा कर रहे हैं। इसके विरोध में निगम ऑफिस भी पहुंचे। वहीं, थाने में भी शिकायत की है। ताकि, दोषियों पर कार्रवाई हो सके। हालांकि, अफसरों ने निगमकर्मी के होने की बात से इनकार किया है।

### कांग्रेस ने भी विरोध जताया

इस मामले में कांग्रेस ने भी विरोध जताया है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस नेता अमित शर्मा ने भी आपत्ति जताई है। इस मामले में उन्होंने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली है।

### जलते ध्वज को आग से निकालते दिखा युवक

इस मामले में दो वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इनमें कुछ लोग आग में ध्वज जलाते हुए नजर आ रहे थे। जिसे एक युवक ने रोक लिया। वहीं, आग की लपटों से ध्वज निकाले। इसके बाद ही वे निगम ऑफिस और थाने पर शिकायत लेकर पहुंचे।

# अब रेल यात्रा में यात्री की पहचान करेगा एम–आधार ऐप

भोपाल। राष्ट्रबाण

ट्रेन यात्रा के दौरान अब यात्री को अपनी पहचान साबित करने के लिए मोबाइल ऐप एम-आधार का सहारा लेना होगा। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में सभी जोन को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एमआधार ऐप के जरिए अब ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों की पहचान तकनीकी रूप से सत्यापित की जाएगी। रेलवे को लंबे समय से ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं कि कुछ लोग दूसरों के नाम पर टिकट लेकर यात्रा करते हैं या फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर ट्रेन में चढ़ जाते हैं। ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए रेलवे अब एमआधार ऐप का इस्तेमाल करेगा, जिसे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने विकसित किया है। इस ऐप में क्यूआर कोड स्कैन कर पहचान सत्यापन की सुविधा है। टीटीई इस ऐप के माध्यम से यात्री का आधार कार्ड स्कैन कर उसकी वास्तविकता को तुरंत जांच सकेंगे। इससे फर्जी आधार कार्ड की पहचान आसान हो जाएगी और टिकटों की कालाबाजारी पर भी नियंत्रण संभव होगा। रेलवे बोर्ड ने कहा है कि ऐप को जल्द ही (हैंड हेल्ड टर्मिनल) डिवाइस से जोड़ा जाएगा, जिससे टीटीई को यह सुविधा सीधे उनके उपकरण में उपलब्ध होगी। इससे आरक्षित टिकटों का गलत इस्तेमाल रुकेगा और यात्रा के दौरान यात्रियों की असली पहचान सुनिश्चित हो सकेगी।

# पेट्रोल टैंकर ने टीआई की कार को टक्कर मारी

## डिवाइडर से टकराने के बाद खंबे से टकराई गाड़ी, घायल टीआई अस्पताल में भर्ती

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के करोंद चौराहा और ट्रूबा कॉलेज के बीच बिलखिरिया थाने के टीआई उमेश चौहान की कार को पेट्रोल से भरे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद टीआई की कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर खंबे से टकराकर रुक गई। एक्सीडेंट के बाद आरोपी टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। निशातपुरा पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा लिया है। फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी है। एएसआई रतिराम गौतम घायल टीआई के बयान दर्ज करने पीपुल्स अस्पताल



पहुंचे हैं। एएसआई रतिराम गौतम के मुताबिक टीआई उमेश चौहान संजीव नगर में रहते हैं। हर रोज की तरह अपनी पर्सनल कार से बिलखिरिया थाने जाने के लिए घर से निकले थे। न्यू जेल रोड से करोंद की तरफ जाते समय ट्रूबा कॉलेज के पास उनकी कार को पीछे से एक टैंकर ने जोरदार टक्कर मारी।

### पीछे से टक्कर लगने के बाद अनियंत्रित हुई कार

इससे कार बेकाबू होने के बाद पहले डिवाइडर से टकराई फिर खंबे में टकराने के बाद रुक गई। इससे कार में सवार टीआई को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई हैं। उन्हें इलाज के लिए पीपुल्स अस्पताल में भर्ती कराया है।

### जब्त टैंकर को थाने में खड़ा किया

पुलिस ने पेट्रोल से भरे टैंकर को जब्त कर लिया है। जिसे थाने में खड़ा किया गया है। टैंकर मालिक से आरोपी चालक के संबंध में पूछताछ की जाएगी। जिसके बाद उसकी पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।

## प्रसव–पीड़ा भी हुई कम; भोपाल की गर्भवतियों पर हुई रिसर्च अंतरराष्ट्रीय मंच पर पेश

# तय पैटर्न में सांस लेने से घटा डिलीवरी का समय



भोपाल। राष्ट्रबाण

गर्भवती यदि एक तय पैटर्न में सांस ले तो यह असहनीय पीड़ा को कम करने और डिलीवरी प्रक्रिया को सहज बनाने में मदद करता है। दरअसल, प्रसव पीड़ा शुरू होने से लेकर प्लैसेंटा की डिलीवरी तक कुल 3 स्टेज होती हैं। अलग-अलग स्टेज में अलग अलग ब्रीथिंग एक्सरसाइज करनी चाहिए। ऐसा करने से इस पूरी प्रक्रिया का अनुभव बेहतर होता है।

यह तथ्य एम्स भोपाल की नर्सिंग स्टूडेंट कुमारी डिंपल द्वारा की गई रिसर्च से सामने आए। जो कि नर्स-नेतृत्व वाली ब्रीदिंग एक्सरसाइज (सांस लेने के व्यायाम) तकनीक पर आधारित रही। यह रिसर्च को डॉ. लिली पोद्दार (एसोसिएट प्रोफेसर, एम्स भोपाल) के निर्देशन में किया गया।

### स्टेज और ब्रीथिंग एक्सरसाइज

पहली स्टेज प्रसव पीड़ा के साथ शुरू होती है। यह महिला को डिलीवरी रूम में लेकर जाने तक जारी रहती है। इस दौरान डीप क्लींजिंग ब्रीथिंग, स्लो पेस ब्रीथिंग, लाइट रैपिड ब्रीथिंग और पैंट ब्लो ब्रीथिंग एक्सरसाइज की जानी चाहिए। दूसरी स्टेज में नवजात की डिलीवरी और तीसरी स्टेज में प्लैसेंटा की डिलीवरी होती है। इस स्टेज में पुशिंग ब्रेथ एक्सरसाइज की जानी चाहिए।

### रिसर्च के मुख्य पॉइंट

- यह रिसर्च एम्स भोपाल और जयप्रकाश अस्पताल भोपाल में सितंबर–दिसंबर 2023 के बीच किया गया।
- 100 प्रथम बार गर्भवती महिलाओं पर अध्ययन किया गया।
- 50 महिलाओं को पारंपरिक देखभाल दी गई जबकि 50 महिलाओं को नर्स द्वारा निर्देशित ब्रीदिंग एक्सरसाइज सिखाई गई।
- इन व्यायामों की महिलाएं घर पर प्रैक्टिस करती रहीं और प्रसव के दौरान अपनाया।

### यह रिजल्ट आए सामने

- प्रसव की कुल अवधि कम हुई- ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने वाले समूह में पहले और दूसरे चरण का समय औसतन कम पाया गया।
- ऑक्सीटॉसिन ड्रिप की जरूरत कम हुई- नर्स–नेतृत्व वाले समूह में ऑक्सीटॉसिन की मात्रा कम दी गई।
- प्रसव का अनुभव बेहतर- महिलाओं ने अच्छा मानसिक संतुलन, कम डर और बेहतर आत्म–नियंत्रण महसूस किया।

### महिलाओं के लिए उपयोगी सुझाव

- गर्भावस्था के 35वें सप्ताह के बाद सही तकनीक से ब्रीदिंग एक्सरसाइज शुरू करें।
- प्रशिक्षित नर्स या विशेषज्ञ से वीडियो या प्रत्यक्ष मार्गदर्शन लें।
- व्यायाम दिन में दो बार, 15 मिनट तक करें और प्रसव के समय इन तकनीकों को अपनाएं।
- अलग अलग स्टेज के लिए अलग ब्रीथिंग एक्सरसाइज
- प्रसव की पूरी प्रक्रिया तीन स्टेज में होती हैं। इनमें अलग अलग तरीके से सांस लेना यानी ब्रीथिंग एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है। इसी को देखते हुए शोधकर्ताओं ने 35 सप्ताह की प्रेग्नेंसी के बाद से ही महिलाओं को ब्रीथिंग एक्सरसाइज की प्रेक्टिस करानी शुरू कर दी थी।

# भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर दौड़ाई कार और स्कूटी

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक युवक कार लेकर सीधे प्लेटफॉर्म नंबर 6 में घुस गया। वह ट्रैक के किनारे तक कार दौड़ाता रहा। वहीं एक दूसरा युवक प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर तेज रफ्तार में स्कूटी चलाते देखा गया। मामला शनिवार अलसुबह का है। वहां मौजूद यात्रियों ने युवकों का वीडियो बना लिया। इससे रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर मामला आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) तक पहुंचा। आरपीएफ भोपाल पोस्ट प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया, हमें दो वीडियो मिले हैं। दोनों की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है, जांच के बाद कुछ कहा जा सकेगा।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले- हो सकता था बड़ा हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार युवक तेज गति से प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर आया और ट्रैक किनारे काफी आगे तक कार लेकर चला गया। शुक्र रहा कि उस समय वहां कोई ट्रेन नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, प्लेटफॉर्म-4 पर स्कूटर दौड़ाते हुए दिखा दूसरा युवक भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता था।

संपादकीय

# विश्व शांति के लिए भी खतरा है पाक

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने भारत-पाकिस्तान के संबंधों को प्रभावित किया है. हमले में पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछकर हत्या की गई. लश्कर के संगठन टीआरएफ ने इसकी जिम्मेदारी ली. इस घटना का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को अस्थिर करना था. भारत ने आर्थिक और कूटनीतिक कदम उठाकर पाकिस्तान को जवाब दिया.पहलगाम के आतंकी हमले ने द्विपक्षीय समीकरण ही नहीं, बल्कि समूचे दक्षिण एशिया में संबंधों के तानेबाने को प्रभावित किया है. इस हमले ने आतंक की नीति को जारी रखने वाली पाकिस्तानी मंशा को प्रकट किया था. पर्यटकों से उनकी मजहबी पहचान पूछकर की गई हत्याओं को लश्कर के पिट्ठू संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने अंजाम दिया. इसे केवल एक नरसंहार के रूप में न देखा जाए. यह भू-राजनीतिक उकसावे की एक सुनियोजित कार्रवाई थी. इसने जहां आतंक को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान के कलंकित इतिहास को दोहराया, वहीं इसके पीछे की एक मंशा जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा ढांचे को अस्थिर करने की भी थी.



जहां सेना-आइएसआइ की आतंकी करतूत से इस्लामाबाद ने आदतन किनारा कर लिया. इसमें किसी को कोई संदेह नहीं हो सकता कि पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व की हरी झंडी के बिना ऐसे किसी हमले को अंजाम दिया गया होगा. पहलगाम हमले के बाद भारत ने आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक मोर्चों पर बहुत कारगर कदम उठाए और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया. दूसरी ओर, पाकिस्तान लकीर पीटने वाले ढर्रे पर चलते हुए बस शेखी बघारता रहा. भारत ने जहां सिंधु जल समझौते को ठंडे बस्ते में डालकर पाकिस्तान और उसकी आर्थिकी की कमर तोड़ने वाला दांव चला.

वैश्विक निगरानी और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान ने अपनी जमीन पर संचालित आतंकी ढांचे को समाप्त नहीं किया है. पहलगाम हमला भी उसी पुराने ढर्रे पर किया गया, जहां सेना-आइएसआइ की आतंकी करतूत से इस्लामाबाद ने आदतन किनारा कर लिया. इसमें किसी को कोई संदेह नहीं हो सकता कि पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व की हरी झंडी के बिना ऐसे किसी हमले को अंजाम दिया गया होगा. पहलगाम हमले के बाद भारत ने आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक मोर्चों पर बहुत कारगर कदम उठाए और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया. दूसरी ओर, पाकिस्तान लकीर पीटने वाले ढर्रे पर चलते हुए बस शेखी बघारता रहा. भारत ने जहां सिंधु जल समझौते को ठंडे बस्ते में डालकर पाकिस्तान और उसकी आर्थिकी की कमर तोड़ने वाला दांव चला, वहीं पाकिस्तान शिमला समझौते से पीछे हटने का निरर्थक राग अलापता रहा. कश्मीर में दशकों की अस्थिरता से उबरते हुए पटरी पर आ रही पर्यटन गतिविधियां आतंकी हमले के बाद फिर से अनिश्चितता के भंवर में फंस गई हैं. हालांकि इसका आर्थिक खामियाजा जम्मू-कश्मीर से परे समूचे दक्षिण एशिया को भुगतना पड़ रहा है.

# अपनी तकदीर बदलने वाली महिलाएं

उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का गजरौला ब्लाक इन तथ्यों की पुष्टि कर रहा है. यहां पिछले दो वर्ष से 'दीदी की दुकान' पहल के अंतर्गत चयनित एसएचजी की महिलाओं को व्यवसाय एवं उद्यमशीलता में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कई 'उद्यमी दीदी' अपनी दुकान चला रही हैं. बी-एबल फाउंडेशन की एक परियोजना के तहत इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संगठित एसएचजी से इन महिलाओं को चुना गया.

दीदी की दुकान महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय

हाल की रिपोर्टों में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ने की बात सामने आई है. उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में दीदी की दुकान पहल महिलाओं को उद्यमशीलता का प्रशिक्षण दे रही है जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं. इन दुकानों पर रोजमर्रा के सामान के साथ महिलाओं की जरूरत की चीजें भी मिलती हैं. हाल की कई रिपोर्ट में यह बात आई है कि देश में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ा है. एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 37 प्रतिशत हो गई. यह बढ़त मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दिखी है. ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रमुख कारण महिलाओं के आत्मनिर्भर होने और किसी न किसी स्वयं सहायता समूह से



जुड़ा होना समझा जाता है. इन स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को पिछले दस वर्षों में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सशक्त किया गया है. उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का गजरौला ब्लाक इन तथ्यों की पुष्टि कर रहा है. यहां पिछले दो वर्ष से 'दीदी की दुकान' पहल के अंतर्गत चयनित एसएचजी की महिलाओं को व्यवसाय एवं उद्यमशीलता में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कई 'उद्यमी दीदी' अपनी दुकान चला रही हैं. बी-एबल फाउंडेशन की एक परियोजना के तहत इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संगठित एसएचजी से इन महिलाओं को चुना गया. अन्य महिलाएं भी इस पहल का हिस्सा हैं, जो किसी एसएचजी से नहीं जुड़ी हुई हैं. दीदी की दुकानों की खास बात यह है कि परचून और रोजमर्रा के राशन के सामान के साथ-साथ इनमें महिलाओं की जरूरतें संबंधी वस्तुएं भी मिलती हैं. इन दुकानों में सैनेटरी नैपकिन भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लड़कियां, महिलाएं बिना हिचक खरीदती हैं. इन दुकानों पर रंग बिरंगी चूड़ियां, राखियां, सिलाई-कढ़ाई आदि के सामान भी खूब मिलते हैं. एक दीदी की दुकान में फ्रिज होने से कोल्ड ड्रिंक्स, शरबत और डेरी का सामान है. कई दुकानों में गिफ्ट आइटम भी बिकते हैं. इन दुकानों को कुछ निजी कंपनियों ने अलमारी, रैक और काउंटर टेबल अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व-सीएसआर के तहत उपलब्ध कराए हैं. कई 'उद्यमी दीदी' महीने में 20 से 25 हजार रुपये कमा लेती हैं. इस पहल के अंतर्गत दीदियों को इसके लिए प्रोत्साहित किया गया है कि वे हर प्रकार का सामान अपनी दुकानों पर रखें, ताकि गांव वालों को न तो साप्ताहिक हाट-बाजारों पर निर्भर रहना पड़े और न ही शहर पर. इस योजना से सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि महिलाएं आगे आकर दुकानों का कारोबार संभाल रही हैं, जो एक जमाने तक सिर्फ पुरुषों का ही व्यवसाय माना जाता था. इससे कई प्रकार की लैंगिक रूढ़िवादिताएं बदली हैं. अब न केवल महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही हैं, बल्कि उनकी सामाजिक गतिशीलता में भी बदलाव आया है. स्वयं सहायता समूहों और उद्यमता से सशक्त हो रही महिलाएं बताती हैं कि उन्हें एक नई पहचान मिली है और अब उनकी भी एक 'आइडेंटिटी' है. यह एक बड़ा बदलाव है. तमाम रिसर्च बताती हैं कि इस तरह की पहल से महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होती है.

# दम घुटा, जनता मांग रही है सांस

दूसरे राज्यों में प्रदूषण जांच में पास पुराने वाहन दिल्ली में मुसीबत क्यों माने जा रहे हैं? रोज़ हजारों ऐसे वाहन दिल्ली आते हैं, फिर अलग मापदंड क्यों? दिल्ली और अन्य महानगरों में प्रदूषण की समस्या जिस स्तर पर गहराती गई है, उसमें इस पर काबू पाने के लिए किए जाने वाले उपायों से शायद ही किसी को असहमति होगी. विडंबना यह है कि कई बार किसी समस्या से पार पाने के लिए जिन उपायों का सहारा लिया जाता है, उसकी व्यावहारिकता कठघरे में होती है. दिल्ली में हर अगले साल प्रदूषण के गहराते संकट के सबसे बड़े कारणों में एक वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को माना गया और इस आधार पर पिछले कुछ वर्षों से सम-विषम जैसे नियम लागू कर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने की कोशिश की गई. इसके अलावा, पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने को लेकर नियम-कायदे बनाए गए. हालांकि इसके अपेक्षित नतीजे को लेकर हमेशा संशय रहा. गौरतलब है कि दिल्ली में कुछ दिन पहले यह घोषणा की गई कि पंद्रह वर्ष पुराने पेट्रोल और दस वर्ष पुराने डीजल वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा. साथ ही पेट्रोल पंप पर पुरानी गाड़ियों को जब्त



किया जा रहा था. जाहिर है, एक साथ बड़ी तादाद में वाहनों के सड़कों से हटाने की नौबत आने पर आम लोगों के बीच व्यापक पैमाने पर आक्रोश का भाव पैदा हुआ और सरकार के इस फैसले पर सवाल उठे कि क्या अकेले इस उपाय से दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को खत्म किया जा सकता है. इससे बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका भी प्रभावित हो सकती है. सरकार के पास इसका कोई ठोस जवाब नहीं है.यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पत्र लिख कर कहा कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणाली के कारण तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यावहारिक नहीं है. यानी फिलहाल पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने की कवायद थमती दिख रही है. हालांकि इसे लेकर आम लोगों के बीच जैसी प्रतिक्रिया सामने आई, उसके बाद यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर सरकार क्या रुख अपनाती है. पुणे की आइटी पेशेवर युवती से दुष्कर्म करने वाला जब यह कहता है कि वह दोबारा आएगा, तो इससे साबित होता है कि आपराधिक मानसिकता के किसी व्यक्ति का दुस्साहस स्त्रियों के खिलाफ मनमानी करने से आगे बढ़ कर उनके आत्मसम्मान को गहरी ठेस पहुंचाने तक पहुंच गया है.

# पहाड़ों की प्रकृति के अनुरूप हो विकास



हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए. बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है. निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है. लगातार बादल फटने के बाद भयावह मंजर हमारे सामने उभरा है. निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का मंजर निश्चय ही भयावह है. वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है. इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों,सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है. राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं. कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है. शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया. यहां ढली इलाके में कई इमारतें गंभीर खतरे की जद में आ चुकी हैं. निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है. जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है. दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं. हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं.

वास्तव, में हिमाचल व उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है. दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है. विकास के नाम पर हमने

# राशिफल





■ **मेष** : आज आपको दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करनी चाहिए. व्यापारियों को लाभ होने की संभावना है. नौकरी पेशा करने वालों को उन्नति व आय में वृद्धि मिल सकती है. दोस्तों के साथ एक रंगीन शाम बिताने का मौका मिलेगा. लोग आपके काम की तारीफ करेंगे.

■ **वृषभ** : आज आपको परेशानियों का समाधान मिल सकता है. अगर आप भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहते हैं तो आपको आज से ही पैसे बचाना शुरू कर देना होगा. आप अपने बिजी शेड्यूल से अपने लिए समय निकाल सकते हैं और अपने जीवनसाथी के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं.

■ **मिथुन**: आज आपके जीवन में खुशियों का आगमन होगा. किसी अटके हुए धन की वापसी हो सकती है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. जो लोग अभी तक सिंगल हैं, उनकी आज किसी खास शख्स से मुलाकात होने की संभावना है. खरीदारी करने के लिए आज का दिन अच्छा है.

■ **कर्क** : आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. अगर आप कर्ज लेने वाले थे और काफी समय से इस काम में लगे हुए थे तो आज आपके लिए भाग्यशाली दिन है. आपके घर का माहौल अच्छा रहेगा. आज आप अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन अपने जीवनसाथी के साथ बिताएंगे.

■ **सिंह** : आज सेहत को लेकर सतर्क रहें. आज किसी पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जो आपको अपना आर्थिक पक्ष मजबूत करने के लिए कोई महत्वपूर्ण सलाह दे सकता है. परिवार के सदस्यों का साथ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा.

■ **कन्या** : आज आपको ऑफिस की पॉलिटिक्स से बचना चाहिए. कार्यस्थल पर आपके पिता की कोई सलाह लाभकारी साबित हो सकती है. आपको दोस्तों का साथ मिलेगा. वैवाहिक जीवन में मुश्किल दौर के बाद यह दिन आपको राहत देगा.

■ **तुला**: आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे. आज आप पैसों से जुड़ी परेशानियों के कारण मन परेशान हो सकता है. भावुकता पर काबू रखें. आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा. जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

■ **वृश्चिक** : आज आपको आर्थिक व व्यापारिक रूप से सफलता मिलेगी. कोई आपका दोस्त आज आपसे बड़ी रकम उधार मांग सकता है, लेकिन रुपए-पैसे के लेनदेन से पहले विचार करना जरूरी है. प्रभावशाली लोगों के साथ बातचीत से आज आपको व्यापार में विस्तार मिल सकता है.


■ **धनु**: आज आपकी एनर्जी का लेवल हाई रहेगा. आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर धन पर चर्चा कर सकते हैं और अपने भविष्य के लिए अपने धन की प्लानिंग बना सकते हैं. मानसिक तनाव का सामना कर सकते हैं. आज का दिन वाकई बहुत रोमांटिक होने वाला है.

■ **मकर** : आज आपको शरीर से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं. अगर आप भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहते हैं तो आपको आज से ही पैसे बचाना शुरू कर देना होगा. किसी व्यक्तिगत परेशानी को सुलझा सकते हैं. व्यापारियों को आर्थिक मुनाफा हो सकता है.

■ **कुंभ**: आज आपको अपनी डाइट पर नजर रखनी चाहिए. आपको बेवजह ज्यादा खर्च करने से खुद को रोकना चाहिए, नहीं तो पैसों की तंगी हो सकती है. परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे. आपका खराब मूड आपका जीवनसाथी किसी खास सरप्राइज से खुश हो जाएगा.

■ **मीन**: आज आपको शारीरिक रूप से कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं. आर्थिक पक्ष मजबूत होने की संभावना है. अगर आपने किसी व्यक्ति को पैसा उधार दिया था तो आज वह पैसा आपको वापस मिलने की उम्मीद है. जीवनसाथी का साथ मिलेगा.

## फिल्म वर्ग पहेली - 385



**बायें से दायें:-**

1. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-2,1,1
3. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-2,3
6. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-2
7. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-2
8. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली फिल्म-2
9. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बबीता की फिल्म-4
12. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-3
13. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-4
15. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-2
18. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-3
19. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-3
21. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-2
22. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-3
23. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-2
24. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-3
26. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-3
29. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-2
30. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-4

**ऊपर से नीचे:-**


1. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-2,2
2. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-2
3. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-2
4. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-3
5. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-3
6. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-4
9. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-4
10. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-2
11. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-2
13. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-3
14. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-2
16. 'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-2,2
17. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-4
18. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-4
19. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-3
20. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-3
25. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-2
26. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-2
27. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-3
28. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-2

**फिल्म वर्ग पहेली - 384 का हल**




■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 385



*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 384 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 385

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | स | दौ | ल | त | की | जं | ग | ल | ल्ली | क |
| ग | क | ह | ग | ला | अ | बा | जी | ग | झ | क |
| ल | क | ल | म | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| पां | इ | ल | म | हैं | प | ल | रं | र | ला | ल |
| डे | श्क | ल | प | नु | रा | उ | गी | ण | घ | म |
| ती | दा | ल | श | सं | प | ही | ला | कौ | ला | ल |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | प्या | या | श | गा |
| क | द | ल | गु | ला | म | स | रा | र | प | न |
| क | र | ल | प | व | जी | ना | ल | ओ | के | दों |
| क | क | ल | प | द | या | दि | व्य | ब | प | या |
| जी | जिं | ल | प | रा | ख | उ | द्वा | ण | घ | म |

*शब्द जाल में आमिर खान की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

लगान, मंगल पांडे, हम हैं राही प्यार के, बाजी, रंगीला, इश्क, गुलाम, दौलत की जंग, राख, दिल.

**शब्दजाल - 384 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# यह खेल भावना का ही सम्मान है



सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम और निशानेबाजों को भारत आने की अनुमति दे दी है. पहलगाम जैसी आतंकी घटना का सामना करने के बावजूद भारत ने खेल भावना को बनाए रख परिपक्वता का सबूत दिया है. भारत को हॉकी के एशिया कप और FIH जूनियर वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है. इसके अलावा शूटिंग में ISSF जूनियर विश्व कप भी होना है. दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए यह असमंजस बना हुआ था कि पाकिस्तान इन इवेंट्स में हिस्सा ले पाएगा या नहीं, लेकिन भारत ने जिम्मेदारी भरा परिचय दिया. तेल बेचकर यूक्रेन में नहीं लड़ रहा रूस, पुतिन के पास है 'कुबेर का खजाना'. सरकार का यह फैसला ही हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच के अंतर को सामने ला देता है. पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का निशाना आम लोग बनते हैं, जबकि पहलगाम के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाते वक्त भी भारत ने यही कहा कि उसकी लड़ाई केवल आतंकियों से है, आम लोगों से नहीं. सरकार का मौजूदा फैसला भी इसी भावना से जुड़ा है. पाकिस्तानी इस्टैब्लिशमेंट के किए की सजा उसके खिलाड़ियों को देना सही नहीं होगा. भारत का कदम इंटरनैशनल हॉकी फेडरेशन और इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी की नीतियों के अनुरूप है, जो खेल में निष्पक्षता और सहभागिता पर जोर देते हैं. खेल को राजनीति से नहीं मिलाया जा सकता. वैसे भी मेजबान होने के नाते भारत पर जिम्मेदारी ज्यादा है. उसे इन इवेंट्स में सभी प्रतिभागी देशों को समान मौके उपलब्ध कराने चाहिए और उसने यही किया. IOC और FIH जैसी संस्थाओं के नियम बेहद कड़े हैं. पाकिस्तान को अनुमति नहीं देने पर खुद भारत के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं. ईरान ने अपने खिलाड़ियों को इस्राइल का सामना करने से मना किया और इसके चलते 2021 में इंटरनैशनल जूडो फेडरेशन ने उस पर बैन लगा दिया था. खुद पाकिस्तान ने जब 2019 में प्रो लीग हॉकी के पहले तीन मैचों से नाम वापस लिया, तो अंतरराष्ट्रीय संस्था ने उसे पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर कर दिया था.

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 06 जुलाई 2025

जबलपुर राष्ट्रबाण
• सोहगपुर • ब्योहारी • जयसिंहपुर • जैतपुर

# 60 करोड़ का धान घोटाला: सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी

## 74 हजार का इनामी दिलीप किरार गिरफ्तार, 11 थानों में दर्ज हैं केस

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर में करीब 60 करोड़ रुपए से ज्यादा के धान परिवहन घोटाले के मामले में क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड प्रभारी जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी दिलीप किरार को छतरपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 74 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। घोटाले में अब तक 19 अधिकारी-कर्मचारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। घोटाला सामने आने के बाद जबलपुर कलेक्टर के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में 72 से अधिक



आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दिलीप किरार छतरपुर में अपने एक रिश्तेदार के घर छिपा है, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

### 614 फर्जी ट्रिप, एक ही वाहन से कई फेरे

जांच में सामने आया कि धान परिवहन के नाम पर 614 फर्जी ट्रिप लगाए गए। इनमें 55 कार, पिकअप, ट्रैक्टर और कम लोडिंग क्षमता वाले वाहनों के नंबर फर्जी तौर पर रजिस्ट्रेशन में दर्ज किए गए थे। इन वाहनों से एक-दो दिन के अंतराल में कई बार धान परिवहन दिखाया गया, जो तकनीकी रूप से संभव ही नहीं था।

गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने जबलपुर के सराफा स्थित उसके निवास पर भी छापा मारा था, लेकिन वह वहां नहीं मिला।

### कई थानों में दर्ज हैं प्रकरण

मुख्य आरोपी दिलीप किरार के खिलाफ पाटन, कुण्डम, सिहोरा, मझगवां, मझोली, कटंगी, गोसलपुर, भेड़ाघाट, पनागर, बेलखेड़ा, बरेला और गोराबाजार थानों में भी धोखाधड़ी और गबन के केस दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी पुलिस रिमांड पर है, और उससे पूछताछ जारी है। मामले में और गिरफ्तारियां भी संभावित हैं।

### 30 करोड़ से शुरू होकर 60 करोड़ तक पहुंचा घोटाला

शुरुआती जांच में 30 करोड़ 14 लाख 19 हजार 600 रुपए मूल्य की 1 लाख 31 हजार 52 क्विंटल धान की हेराफेरी सामने आई थी। बाद में यह आंकड़ा बढ़कर करीब 60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार की, जिसमें यह घोटाला उजागर हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि अंतर जिला मिलिंग के लिए जबलपुर में रखी धान को जिले के बाहर भेजने की बजाय, उसे स्थानीय दलालों को बेच दिया गया। इस फर्जीवाड़े में मिलर्स, एमपी सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के अधिकारी-कर्मचारी और उपार्जन केंद्र के लोग भी शामिल थे।

### 19 आरोपी गिरफ्तार, दिलीप किरार रिमांड पर

घोटाले में अब तक कुल 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एमपीएससीएससी के अधिकारी, ऑपरेटर, मिलर्स और सहकारी संस्थाओं के कर्मचारी शामिल हैं। इनमें प्रमुख नाम हैं: दिलीप किरार - प्रभारी जिला प्रबंधक, सुनील प्रजापति - ऑपरेटर, बी.एस. मेहर - प्रभारी इश्यु सेंटर, मनदीप सिंह, प्रतीक सक्सेना, संजय जैन - राइस मिलर्स, गंधर्व सिंह, रामस्वरूप रजक - समिति प्रबंधक, शैलेन्द्र ठाकुर, सौरभ ठाकुर - कंप्यूटर ऑपरेटर्स(पूरी सूची में कुल 19 नाम शामिल हैं।) इन सभी पर बीएनएस की धारा 116/25, 61(2), 338, 336(3), 340(2), 318(4), 316(2), 316(4) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### शासकीय दस्तावेजों में की गई थी हेरफेर

घोटाले में शामिल लोगों ने शासकीय दस्तावेजों में कूट रचना कर ट्रक नंबर, चालान, और परिवहन फर्जी तरीके से दर्ज किए। जांच में यह भी पाया गया कि पाटन थाना क्षेत्र में ही 2 दिसंबर 2024 से 23 जनवरी 2025 के बीच 21,129 क्विंटल धान, जिसकी कीमत करीब 4.86 करोड़ रुपए है, की धोखाधड़ी की गई।

# जबलपुर के मंदिरों में हिंदू संगठनों ने लगाए पोस्टर

## लिखा- भारतीय संस्कृति के अनुरूप कपड़े पहनकर आए, छोटे वस्त्रों पर नो एंट्री

जबलपुर। राष्ट्रबाण

मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर में इन दिनों मंदिरों में लगे पोस्टर लोगों के बीच चर्चा में है। खासतौर पर महिलाओं के बीच इन पोस्टरों के लेकर चारों तरफ बात हो रही है। हिंदू संगठनों के द्वारा लगाए गए पोस्टरों में लिखा हुआ है कि जो भी महिलाएं भगवान की पूजा करने के लिए मंदिर आती है, वो हमारे द्वारा बताए गए ड्रेसकोड को ही पहनकर आए। संगठन का कहना है कि सावन में अधिकतर महिलाएं मंदिर में पूजा करने आती है, जिसके लिए ही पोस्टर लगाकर उनसे अपील की जा रही है। जबलपुर में ये पोस्टर महाकाल समिति, हिंदू सेवा परिषद, अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लगाए है, उनका कहना है कि जल्द ही समूच मध्यप्रदेश और फिर भारत में इस तरह की पोस्टर मंदिरों में लगे देखने मिलेंगे।

### पोस्टर में लिखा है

महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निवेदन करते हुए पोस्टरों में लिखा है कि मंदिर परिसर में भारतीय संस्कृति के अनुरुप ही कपड़े पहनकर प्रवेश करें, छोटे वस्त्र हाफ पैंट, बरमुडा, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, जींस-टॉप आदि पहनकर आने पर मंदिर के बाहर ही दर्शन करने होगें। बालिकाएं एवं महिलाएं मंदिर परिसर में सिर ढककर ही प्रवेश करें। इसे अन्यथा ना लें। भारतीय संस्कृति आपको ही बचाना है।






### कानून क्या कहता है

एडवोकेट रुचिका गोविल बताती है कि मंदिर में जो भी महिलाएं दर्शन करने जाती है, वो आस्था के साथ जाती है, ऐसे में जरूरी नहीं है कि ड्रेसकोड हो तो भगवान के प्रति आस्था दिखाई देगी। कानून भी कहता है कि आप किसी को बाध्य नहीं कर सकते हो, कि वो मंदिर क्या पहनकर आए और क्या नहीं। आप निवेदन या फिर अपील कर सकते है। एडवोकेट रुचिका गोविल का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का अर्टिकल 26 में कहा है कि काशी विश्वनाथ और उत्तरप्रदेश सरकार के एक केस में कहा गया है कि मंदिर में आने-जाने और पूजा को लेकर नियम बनाए जा सकते है, जिसमें कपड़े की भी बाध्यता होगी, पर इन नियमों में भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि साउथ में भी मंदिर में कुछ नियम बनाए गए है, जो कि पुरुष और महिलाएं दोनों के लिए होती है। एडवोकेट रुचिका गोविल का कहना है कि मंदिर का ट्रस्ट या संस्था ही नियम बना सकती है, ना कि कोई जनरल संस्था पोस्टर लगाकर बाध्य नहीं करती है।

### पुरुषों को भी निर्देश

हिंदू सेवा परिषद ने भी शहर के मंदिरों में पोस्टर लगाकर लिखा है कि सभी महिलाएं एवं पुरुष मंदिर में मर्यादित कपड़े में ही आए। महिलाएं विशेषत: आदर्श जनक कपड़े का उपयोग करे, जैसे साड़ी एवं सलवार सूट। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना अंकित मिश्रा ने बताया कि मंदिरों में जब महिलाएं अभद्र कपड़े पहन कर आती हैं, तब अन्य श्रद्धालुओं का ध्यान भी आकर्षित करती हैं, जो हमारी धार्मिक भावनाओं को कहीं ना कहीं ठेस पहुंचाने का भी काम करती हैं। इतना ही नहीं महिलाओं को हिंदू धर्म में शक्ति के रूप में पूजा जाता है। ऐसे में महिलाओं से भारतीय परंपरा के अनुसार ही वस्त्र पहनने की अपील संगठन ने की है। जिससे किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं आहत न हो। अंकित मिश्रा का कहना है कि शुरुआत प्रदेश की संस्कारधानी से की है, जिसके तहत अभी तक शहरभर के चालीस से अधिक मंदिरों में जाकर पोस्टर चिपकाए गए हैं। महिलाओं से अपील भी की जा रही है, कि भारतीय संस्कृति के लिए हमारा साथ दें, और ये मैसेज सभी तक पहुंचाए। उन्होंने कहा यदि महिलाओं को भारतीय संस्कृति के अनुरूप वस्त्र नहीं पहनना है। तब उन्हें मंदिर परिसर के अंदर जाने से भी रोका जाएगा।

# जबलपुर में 24 घंटे में 3 इंच बारिश, सिलेंडर से भरा ट्रक नदी में बहा

## नागा घाटी में पत्थर गिरने से रोड जाम

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर में शुक्रवार सुबह से हो रही झमाझम बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं कई जगहों पर मुश्किलें भी बढ़ा दीं। जबलपुर से करीब 25 किमी दूर एक ट्रक, जिसमें सिलेंडर भरे थे, वह तेज बहाव में परियट नदी में बह गया था। वहीं जबलपुर-मंडला रोड की नागा घाटी में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से पत्थर धसककर सड़क पर आ गए, जिससे यातायात बाधित हो गया और करीब 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।



### पहाड़ से गिरे पत्थर, घंटों रुका ट्रैफिक

जबलपुर-मंडला मार्ग पर नागा घाटी के पास पहाड़ से भारी पत्थर गिरने के कारण रोड पूरी तरह जाम हो गया। मौके पर पहुंची विभागीय टीम ने पत्थर हटाकर यातायात बहाल किया।

### 24 घंटे में रिकॉर्ड 3 इंच बारिश, अलर्ट जारी

शुक्रवार को शहर में मौसम ने सीजन का नया रिकॉर्ड बनाया। सुबह से दोपहर तक 3 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। कुल आंकड़ा अब तक 12.5 इंच पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे के लिए ऑरेंज अलर्ट और बज्रपात के साथ अति वर्षा की चेतावनी जारी की है।

### दिन-रात के तापमान में सिर्फ 2 डिग्री का अंतर

बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। दिन और रात का तापमान लगभग बराबर होने से मौसम में हल्की ठंडक घुल गई है। मौसम विभाग के अनुसार गुजरात से लेकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड तक ट्रफ लाइन बनी हुई है। चार मौसम प्रणाली एक साथ सक्रिय हैं, जिससे आने वाले दिनों में भी इसी तरह की बारिश की संभावना बनी हुई है।

## साइंस कॉलेज की कुर्सी को लेकर मचा घमासान थमा

**जबलपुर।** जबलपुर के साइंस कॉलेज में प्राचार्य की कुर्सी को लेकर दो हफ्ते से विवाद चल रहा था। सरकार ने डॉ. संतोष जाटव को नया प्राचार्य नियुक्त किया था, लेकिन इससे पहले के प्राचार्य डॉ. ए.एल. महोबिया भी कॉलेज आ रहे थे और खुद को प्राचार्य बता रहे थे। ऐसे में एक ही कुर्सी के लिए दो लोगों का दावा बना रहा। डॉ. जाटव ने 20 जून को कॉलेज में कार्यभार संभाल लिया था, लेकिन डॉ. महोबिया के रिलीव न होने से भ्रम की स्थिति बनी रही। इस दौरान जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने डॉ. महोबिया पर काम में रुकावट डालने के आरोप लगाए। अब उच्च शिक्षा विभाग ने डॉ. महोबिया का तबादला गंजबासौदा कॉलेज कर दिया है और विवाद खत्म हो गया है।

# सेवानिवृत्त खेल अधिकारी पर स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

## खेल अधिकारी पर दर्ज हुई एफआईआर



जबलपुर। राष्ट्रबाण

ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में नगर निगम से हाल ही में सेवानिवृत्त हुए खेल अधिकारी राकेश तिवारी के खिलाफ एक स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने राकेश तिवारी के खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज की है। छात्रा ने आरोप लगाया है कि राकेश तिवारी ने उससे जबरन छेड़छाड़ की और उसे गलत तरीके से छुआ। राकेश तिवारी छात्रा को तैराकी का प्रशिक्षण देते थे।

**सेवानिवृत्त अधिकारी ने की छेड़छाड़**

नगर निगम के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने उनके पास तैराकी का प्रशिक्षण लेने आने वाली स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ किया। नगर निगम के सेवानिवृत्त खेल अधिकारी राकेश तिवारी जिलहरीघाट में तैराकी का प्रशिक्षण देते है। जहां, एक 13 वर्षीय स्कूली छात्रा भी तैराकी प्रशिक्षु थी। वह एक वर्ष से राकेश के पास तैराकी सीख रही थी। आते-जाते राकेश तिवारी से छात्रा के अभिभावकों की अच्छी जान पहचान हो गई थी। जिसके बाद वह कभी-कभी राकेश तिवारी के साथ ही मोटरसाइकिल में जिलहरी घाट जाने लगी।

### आरोपी ने छात्रा के साथ की अश्लीलता

बुधवार की शाम को राकेश तिवारी के साथ जब छात्रा जिलहरी घाट जा रही थी, तो उन्होंने कुछ आपत्तिजनक हरकत किया। जिसका छात्रा ने विरोध किया तो वह फिर उसे लेकर जिलहरी घाट पहुंच गए। जहां, छात्रा के प्रशिक्षण सत्र के बाद वापस उसे मोटर साइकिल में लेकर घर जा रहे थे। इस दौरान राकेश ने आयुर्वेदिक कॉलेज के पास सूनसान जगह देखकर अपनी मोटरसाइकिल रोक दिया। छात्रा के साथ अश्लीलता करने लगे।

### सेवानिवृत्त अधिकारी पुलिस ने मामला किया दर्ज

इस बार छात्रा के विरोध पर भी राकेश तिवारी अपनी हरकत से बाज नहीं आए। इसके बाद जब छात्रा को घर छोड़ा तो उसने माता-पिता को पूरा घटनाक्रम बताया। अभिभावक गुरुवार को छात्रा को लेकर पुलिस के पास पहुंचे। जहां, आरोपित राकेश तिवारी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया है।

## एमपी हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के 25 साल पुराने फैसले को किया निरस्त

# सैफ की पुश्तैनी संपत्ति विवाद, नए सिरे से होगी सुनवाई

जबलपुर। राष्ट्रबाण

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने भोपाल स्थित सैफ अली खान की पुश्तैनी संपत्ति के विवाद पर ट्रायल कोर्ट को नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट के 14 फरवरी 2000 को पारित आदेश को दोषपूर्ण पाते हुए निरस्त कर दिया।

हाईकोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी है कि ट्रायल कोर्ट एक साल की समय सीमा के अंदर प्रकरण का पटाक्षेप करे। यह आदेश हाईकोर्ट ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की



संपत्ति को लेकर चल रहे उत्तराधिकार विवाद को लेकर सुनाया। अपील नवाब हमीदुल्ला खान के वंशज बेगम सुरैया, नवाबजादी कमरताज राबिया सुल्तान और अन्य की ओर से दायर की गई थी।

इस प्रकरण में मशहूर क्रिकेटर नवाब मंसूर अली खान पटौदी, उनकी पत्नी अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, पुत्र सैफ अली खान, बेटियां सबा सुल्तान, सोहा अली खान को पक्षकार बनाया गया था। इस मामले में यसीर और फैजा सुल्तान का दावा था कि नवाब की निजी संपत्ति पर सभी वैध वारिसान का अधिकार है।

### कैसे भोपाल रियासत में सैफ का हक ?

दरअसल, नवाब हाफिज सर हमीदुल्लाह खान का पूरा नाम सिकंदर सौलत इफ्तेखारल उल मुल्क बहादुर हमीदुल्लाह खान था। ये भोपाल के अंतिम नवाब थे। जिनका 1956 में मध्य प्रदेश राज्य में विलय हो गया था। इन्होंने दो शादी की थी। इनकी मौत के बाद उनकी बड़ी बेगम की बेटी साजिदा को भारत सरकार ने 1961 में कानूनी उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था। साजिदा, सैफ अली खान की परदादी थीं। इनकी शादी पटौदी रियासत के नवाब इफ्तिखार अली खान से हुई थी। उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी और फिर उनके बेटे सैफ को इस संपत्ति का वारिस माना गया।

### अरबों की संपत्ति का है मामला

सैफ अली खान से जुड़ी संपत्ति विवाद की बात करें तो 25 साल पहले बेगम सुरैया, नवाबजादी कमर ताज राबिया सुल्तान, नवाब मेहर ताज साजिदा सुल्तान और बेगम मेहर ताज नवाब साजिदा सुल्तान ने साल 2000 में हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। ये मामला अरबों की संपत्ति का है, जिसमें हजारों एकड़ की जमीन समेत अहमदाबाद पैलेस भी शामिल है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद कोर्ट में सैफ के परिवार की चुनौतियां आने वाले एक साल के लिए बढ़ गई हैं।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 6 जुलाई 2025

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# आठनेर जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर संकट के बादल

## जनपद सदस्यों ने दी चेतावनी, 10 दिन में नहीं मिला इस्तीफा तो होगा अविश्वास प्रस्ताव

आठनेर जनपद में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को हटाने की तैयारी, 10 दिन की मोहलत

बैतूल। राष्ट्रबाण

**आठनेर** जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के मनमाने रवैये और जनपद सदस्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार द्वारा 10 दिन में इस्तीफा दिलवाने का आश्वासन मिलने पर फिलहाल प्रस्ताव को रोक दिया गया है। जनपद सदस्य शोभा मानकर व मनीता धुर्वे ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय में इस्तीफा नहीं हुआ तो पुनः अविश्वास प्रस्ताव लेकर जिला पंचायत सीईओ एवं कलेक्टर से मिलेंगे।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों आठनेर जनपद पंचायत में कुल 13 सदस्यों ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। हालांकि तकनीकी त्रुटियों के चलते जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रस्ताव में संशोधन के निर्देश दिए। इसके बाद गुरुवार को जनपद सदस्य पुनः भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि 10 दिन के भीतर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष से इस्तीफा दिलवाया जाएगा तथा नए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चयन जनपद सदस्यों की सहमति से होगा।




### ● सदस्यों में नाराजगी, उपेक्षा का आरोप

जनपद सदस्य शोभा मानकर और श्रीमती मनीता अनिल धुर्वे सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि वर्तमान अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जनपद सदस्यों की बातों को नजरअंदाज करते हैं और मनमर्जी से निर्णय लेते हैं। यही कारण है कि भाजपा से निर्वाचित होते हुए भी सभी सदस्य अब उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं।

### जनहित सर्वोपरि, योग्य नेतृत्व की जरूरत

जनपद सदस्य श्रीमती मनीता धुर्वे ने कहा कि हम सभी भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं और चाहते हैं कि पार्टी की ही योग्य नेतृत्व टीम जनपद पंचायत का संचालन करे, जो सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शिता से विकास कार्य करे।फिलहाल सभी सदस्यों ने जिला अध्यक्ष के आश्वासन पर 10 दिन का इंतजार करने का निर्णय लिया है। यदि तय समय में इस्तीफा नहीं दिया जाता है तो पुनः अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# कीचड़ के ऊपर सीमेंट डाल हो रही लीपापोती

बैतूल। राष्ट्रबाण



**शहर** के लोहिया वार्ड में जिस सड़क पर दो महीने पहले पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई हुई थी, वह आज भी बदहाल पड़ी है। जनता की नाराजगी, मीडिया की सुर्खियां और सोशल मीडिया पर वायरल होती तस्वीरों के बाद अब जिम्मेदारों को होश आया है। लेकिन इस होश में भी समझदारी की जगह लीपापोती का खेल खेला जा रहा है।

बरसते पानी के बीच आनन-फानन में सीमेंटीकरण का काम किया जा रहा है। गड्ढों में पानी जमा है, सड़क पर कीचड़ फैला है और इसी पर मजदूरों से सीमेंट डलवाया जा रहा है। स्थिति यह है कि एक ओर शहरवासी कीचड़ में फिसलते हुए अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं, वहीं जिम्मेदार गड्ढों को भरने का नाटक कर रहे हैं। न कोई योजना, न पानी निकासी, सीधे सीमेंट मिलाकर गड्ढों पर लेप चढ़ाया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने के नाम पर की गई खुदाई के बाद न मरम्मत हुई, न लोगों की परेशानी सुनी गई। अब जब बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए हैं, तब लीपापोती की मरम्मत का तरीका अपनाया है। लोहिया वार्ड की सड़कें जिम्मेदारों की लापरवाही और दिखावटी कार्यप्रणाली की जीती-जागती मिसाल बन गई हैं। वार्ड वासियों ने बताया कि पिछले दो महीने से यहां हालात बेहद खराब हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों को कीचड़ में फिसलकर गिरते देखा गया है। कई बार शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदारों ने तब ध्यान नहीं दिया। अब जब मामला गरमाया तो लीपापोती शुरू कर दी गई।

## मेधावी छात्रा निशा पवार को लैपटॉप के लिए मिली 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि



बैतूल। राष्ट्रबाण

सीएम राइस विद्यालय आमला की छात्रा सुश्री निशा पवार ने एमपी बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 82.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शासन की मेधावी छात्र योजना के तहत उन्हें 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, जिससे वे लैपटॉप खरीद सकेंगी। छात्रा निशा पवार ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, माता-पिता एवं शासन को दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए यह सराहनीय योजना लागू की है। निशा ने कहा कि इस राशि से उन्हें अपनी आगे की पढ़ाई में तकनीकी संसाधन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने की अपील की।

## जिले में अभी तक 195.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

बैतूल। राष्ट्रबाण

जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 195.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 155.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 5 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 1.2, घोड़ाडोंगरी में 2.0, चिचोली में 0.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 4.0, प्रभात पट्टन में 3.3, आमला में 10.0, भैंसदेही में 15.0, आठनेर में 2.0 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# सामाजिक जनकल्याण समिति की बैठक में महिला संगठन बनाने की रूपरेखा पर हुई चर्चा

## कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को निशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरण करने पर बनी सहमति

बैतूल। राष्ट्रबाण



**सामाजिक** जनकल्याण समिति की बैठक शनिवार 5 जुलाई को समिति के जिलाध्यक्ष सुरजलाल मंडलेकर के निवास पटेल वार्ड, सदर बैतूल में आयोजित की गई। बैठक में समिति के विस्तार, महिला संगठन के गठन और कक्षा 1 से 5 तक के जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री निशुल्क वितरण के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई।

बैठक में तय किया गया कि समिति जल्द ही महिला संगठन का गठन करेगी, जिससे महिलाओं की भागीदारी सामाजिक कार्यों में सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही आगामी सत्र में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, किताबें, पेन-पेंसिल जैसी आवश्यक सामग्री मुफ्त में दी जाएगी। इसके लिए सदस्य अपने स्तर पर सहयोग करेंगे और सामाजिक दायित्व को निभाएंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से मानिकराव कापसे, मानकप्रसाद वाईकर, डी.आर. झरबड़े, शिवदयाल चौकीकर, नत्थूप्रसाद चौकीकर, शेषरान वाईकर, सूरजलाल मंडलेकर, पांडूरंग वरवड़े, कृष्णाराव उबनारे, पंजाबराव अतुलकर, पंजाबराव भालेकर, रामदास पंडाग्रे, रामदास पाटिल, रायमल वरवड़े, यादोराव खातरकर, बाबूराव शेषकर, रघुनाथ चौरसिया एवं प्राचार्य ओ.पी. चंदेल उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने समिति के आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# बैतूल में अगले चार दिन भारी बारिश का अलर्ट



24 घंटे में गिर सकते हैं साढ़े 4 इंच पानी; घोड़ाडोंगरी में अब तक 10 इंच बारिश

बैतूल। एजेंसी

**बैतूल** जिले में अगले चार दिन भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में करीब साढ़े 4 इंच बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने शनिवार, 6 जुलाई को बैतूल, भोपाल, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट सहित 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 7 और 8 जुलाई को भी मौसम ऐसा ही बने रहने का अनुमान है। हालांकि फिलहाल जिले में बारिश थमी हुई है।

### इस साल औसत से ज्यादा बारिश

अब तक जिले में औसतन 195.2 मिमी (7.7 इंच) बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले साल 5 जुलाई तक की 155.9 मिमी बारिश से लगभग 30 मिमी अधिक है।

### घोड़ाडोंगरी में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज

जिले में अब तक सबसे ज्यादा 251 मिमी (करीब 9.88 इंच) बारिश घोड़ाडोंगरी में हुई है।

- चिचोली
243.9 मिमी (9.6 इंच)
- शाहपुर
238.2 मिमी (9.3 इंच)
- भीमपुर
226 मिमी (8.9 इंच)
- प्रभातपट्टन
209 मिमी (8.2 इंच)
- आमला
175 मिमी (6.9 इंच)
- मुलताई
170.3 मिमी (6.7 इंच)
- भैंसदेही
154 मिमी (6 इंच)
- आठनेर
147 मिमी (5.8 इंच)
- बैतूल
140 मिमी (5.5 इंच)

साल 2024 में कुल वर्षा 1245.8 मिमी रही थी, जो औसत 1083.9 मिमी से 161.9 मिमी (करीब 6.3 इंच) अधिक थी। इसी वजह से इस साल गर्मियों में पानी की कमी जैसी समस्या नहीं आई।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बैतूल। राष्ट्रबाण

सत्र 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्राचार्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के विद्यार्थी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा पांचवी पढ़ रहे हैं जहां जवाहर नवोदय विद्यालय चल रहा है और जिसमें वे प्रवेश चाहते हैं। प्रत्येक कक्षा में पूरा शैक्षणिक सत्र पढ़ा हो और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा तीसरी और चौथी उत्तीर्ण की हो वे विद्यार्थी 29 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी https://navodaya.gov.in पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। विद्यार्थियों की परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी।

## भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा का आयोजन पूर्णता की ओर

छिंदवाड़ा। राष्ट्रबाण

भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में हुई थी। 70 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा के कार्यक्रमों का आयोजन म.प्र.भोपाल से 23 जुलाई 2024 रविन्द्र भवन से प्रारंभ हुआ। इस प्रारंभिक कार्यक्रम में अखिल भारतीय पदाधिकारी तथा म.प्र.की विस्तारित कार्यसमिति और प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के पालक अधिकारी श्री भरैया जी का प्रेरणादायी मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। इसी कार्यक्रम के दौरान 23 जुलाई 2024 से 23 जुलाई 2025 पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। वर्ष के दौरान भारतीय मजदूर संघ के स्थायी उत्सव 28 अगस्त पर्यावरण दिवस ,17 सितम्बर राष्ट्रीय श्रम दिवस, समरसत्ता दिवस ,12 दिसम्बर स्वदेशी दिवस के अतिरिक्त 17 वें वर्ष के दौरान अलग -अलग माह में अलग - अलग प्रदेश भर में आयोजन किया गया । 6 सितम्बर 2025 कुटुम्ब प्रबोधन पर कार्यक्रम ,नवम्बर 2025 नागरिक मौलिक एवं कर्तत्व्य दिवस ,1 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश भर में आउटसोर्स /असंगठित व संगठित क्षेत्र में व्यापक श्रमिक संपर्क अभियान सम्पन्न किया गया । 1 जनवरी से 15 मार्च तक श्रद्धा निधि का संकलन किया गया। 70 वर्ष के कार्यक्रमों के अन्तर्गत युवा सम्मेलन 20 फरवरी 2025 को भोपाल ,महिला सम्मेलन मार्च 2025 सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## समस्त आदिवासी समाज संगठन की बैठक आज

**बैतूल।** समस्त आदिवासी समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज रविवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे से पड़ापेन ठाना रैन बसेरा, सदर में किया जा रहा है। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को भव्य रूप से मनाने की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। समस्त आदिवासी समाज संगठन के मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह इवने ने जिले भर के सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं से इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# 10 हजार कार्यकर्ता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करेंगे, मां नर्मदा पूजन करेंगे

## जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार बैतूल आ रहे हेमंत खंडेलवाल

बैतूल। राष्ट्रबाण

**बैतूल** विधायक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल रविवार को अपने गृह नगर बैतूल का दौरा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला नगर आगमन है। खंडेलवाल सुबह भोपाल में डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

इसके बाद वे सुबह 9 बजे नर्मदापुरम पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन करेंगे। वहां से 9:30 बजे बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे।

बैतूल में उनके स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठकें आयोजित की गई हैं। जिला प्रवक्ता सूर्यदीप त्रिवेदी के अनुसार, जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन पर होने वाले कार्यक्रम में करीब 10 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।



खंडेलवाल सबसे पहले भारत भारती में बूथ स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। फिर चक्कर रोड से थाना रोड और कोठीबाजार होते हुए दोपहर ढाई बजे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। कार्यालय में उनके स्वागत का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सांसद बंटी विवेक साहू अपने दादा भक्त पदयात्रियों के साथ 10 दिनों से लगातार कर रहे पदयात्रा

# आशापुर के घने जंगल भी नहीं तोड़ सके हौसले

छिन्दवाड़ा। राष्ट्रबाण

**छिन्दवाड़ा** से होकर पांढुर्णा और बैतूल होते हुए सांसद बंटी विवेक साहू पिछले 10 दिनों से दादा भक्तों के साथ खंडवा तक की पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान कई स्थानों पर हुई बारिश और बैतूल के आगे और खंडवा के पहले पड़ने वाले आशापुर के घने जंगल और भारी बारिश भी सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों के हौसलों को तोड़ नहीं सकी है।

बैतूल के आगे आशापुर तक घना जंगल है, इस मार्ग पर यात्रा के दौरान छोटे-छोटे गांव और कस्बे पड़ते है। इस मार्ग में कई जगह तो मोबाईल का नेटवर्क भी नहीं है। बारिश और आंधी तूफान के इस मौसम में रात्रि विश्राम के दौरान कुछ जगह पर कई-कई घंटों तक लाईट भी नहीं रहती है। इन तमाम परेशानियों के बावजूद सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्री दादाजी धुनीवाले के भजनों और सुमधुर गीतों के बीच दादाजी धुनीवाले की भक्ति में लीन होकर लगातार अपनी पदयात्रा जारी रखे है।



**सांसद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कर रहे पौधरोपण:** सांसद श्री साहू की इस 14 दिवसीय 411 किलोमीटर की पदयात्रा की जानकारी मिलते ही पदयात्रा के मार्ग में पड़ने वाले गांवों और कस्बों के ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में पदयात्रा में शामिल होकर सांसद श्री साहू सहित दादा भक्त पदयात्रियों का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू शासकीय विभागों के अधिकारियों, और स्थानीय निवासियों के निवेदन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी कर रहे है।

### दादा भक्तों का हौसला बढ़ाने पहुंचे जनप्रतिनिधि

सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों का हौसला बढ़ाने के लिए छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले से लगातार जनप्रतिनिधि, व्यापारी, नागरिकगण और समाजसेवी पदयात्रा में शामिल हो रहे है। 5 जुलाई को पदयात्रा में सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों का हौसला बढ़ाने और पदयात्रा में शामिल होने के लिए भाजपा के लोकतंत्र सेनानी अध्यक्ष अजय औरंगाबादकर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू परमार, सौंसर के पूर्व विधायक अजय चौरे, भाजपा महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, नगरपालिका परासिया अध्यक्ष विनोंद मालवी, दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर ,पारसिया नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर,नरेन्द्र विश्वकर्मा ,क्रेडिट सोसायटी अध्यक्ष मारकंडे सूर्यवंशी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जागेंद्र अल्ड़क,उमरेठ भाजपा के मंडल अध्यक राम प्रसाद कुमरे, अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी,जनपद सदस्य संतोष वर्मा ,रेखन रघुवंशी,राहुल रघुवंशी, साकेत रघुवंशी, चौधरी गोलू रघुवंशी,कमलनाथ पटेल ,राजकुमार अहीरवार, गेंदसिंह वानखेड़े, मोनू साहू, शैलेन्द्र पटेल,कांता आम्रवंशी , राखी पाटिल , डॉ अरविंद फुले, गोपाल रघुवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुंचे हुए थे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 06 जुलाई 2025

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# कटता जंगल सोते रेंजर, सागौन चोर वन विभाग पर पड़ रहे भारी

● लालबर्रा क्षेत्र सागौन की अवैध कटाई का बना गढ़

लालबर्रा। राष्ट्रबाण





सागौन की अवैध कटाई की बोलती तस्वीर।

लालबर्रा में वन विभाग के दो कार्यालय हैं। दक्षिण सामान्य क्षेत्रीय वन परिक्षेत्र लालबर्रा एवं लामता परियोजना मंडल निगम लालबर्रा, जहां दोनों कार्यालय के क्षेत्र से सीमा से सागौन के पेड़ की अवैध कटाई विगत कई वर्षों से होते आ रही है। जिस संबंध में वन विभाग के जिम्मेदारों को मीडिया द्वारा विभिन्न बार अवगत कराया जाता रहा है एवं इस विषय पर कुछ समाचार पत्रों में कुछ समाचार भी प्रकाशित किये जा चुके हैं, फिर भी जिम्मेदार वन विभाग अलर्ट मोड पर नहीं रहता, उन्हें पता ही नहीं रहता कि कौन कहां से अवैध तरीके से सागौन के पेड़ काट रहा है और ट्रेक्टर पिकअप मोटरसाइकिल जैसे वाहनों में अधिकांश रात में तो कभी कभी दिन में सुबह-सुबह या फिर शाम शाम को परिवहन करके कहां ले जा रहा है, कुछ छूट मूट कार्रवाई को छोड़कर अब तक कोई बड़ी ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विगत दिनों जून माह में रविवार की शाम को दो सफेद कलर की पिकअप में सागौन के लट्ठे पाथरशाही की तरफ से पावरहाउस बैल बाजार होते हुए लालबर्रा की तरफ ले जाते हुए देखा गया है। जिसमें आगे चलने वाले पिकअप वाहन में खाकी वर्दी पहन कर एक शख्स गाड़ी में सामने बैठा हुआ था। या तो वह दक्षिण सामान्य क्षेत्रीय कार्यालय का कर्मचारी हो सकता है या फिर लामता परियोजना निगम कार्यालय का कर्मचारी हो सकता है या फिर पुलिस का कर्मचारी भी हो सकता है लेकिन स्पष्ट नहीं कहा जा सकता कि वह किस विभाग का कर्मचारी रहा होगा। ऐसा भी हो सकता है कि वह कोई भी विभाग का खाकीधारी शासकीय कर्मचारी न हो और सागौन की जंगल से अवैध कटाई करने वाले सागौन तस्कर माफिया द्वारा फर्जी तरीके से खाकी वर्दी पहनाकर किसी शख्स को गाड़ी में बिठाकर ग्रामीणों की नज़रें चुराते हुए शहर की ओर इस प्रकार अवैध सागौन का माल ढोया जाता है।

इस विषय को भी वन विभाग के दोनों कार्यालय के जिम्मेदारों को तत्काल मीडिया प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया लेकिन उनके द्वारा उक्त दिनांक का कंजई जाम नेवरगांव से लेकर लालबर्रा तक के किसी भी सीसीटीवी कैमरे में फुटेज नहीं खंगाली गई। शासन प्रशासन को यह प्रयास करना चाहिए कि मुख्य मुख्य मार्गों पर व चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे कि चोरी डकैती, दुर्घटना, राहगीरों आम नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह कैमरे लगाने की पहल जनहित में लाभकारी सिद्ध होगी। यह खेल अभी कुछ दिनों का नहीं है यह विगत कई वर्षों से लालबर्रा क्षेत्र में चला आ रहा है, लेकिन जिम्मेदार वन विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। इसका मतलब सीधा साफ है कि वन विभाग पूरा तो नहीं लेकिन स्टाफ में से कुछ एक दो कर्मचारी माफियाओं से मिलकर मोटी रकम जरूर वसूलते होंगे ऐसे आरोप क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लग रहे हैं, जिसकी जानकारी स्थानीय अधिकारी को भी नहीं होती होगी।

विश्वसनीय सूत्रों से कुछ दिनों से यह भी जानकारी मिल रही है कि बगदई सेलवा खैरगांव जाम की तरफ से सागौन की बेशकीमती ईमारती लकड़ी से भरी गाड़ियां आधी रात में आती है। गनखेड़ा रानीकुठार बीजाटोला की ओर से नगपुरा जबलटोला होते हुए भी सागौन की लकड़ी पिकअप से लालबर्रा की ओर आती है एवं इसके बाद बड़े शहरों की तरफ महंगे दामों में बेचने के लिए भेजा जाता है। बेश कीमती ईमारती लकड़ी सागौन की अवैध कटाई व परिवहन कर तस्करी करने वाले सागौन माफियाओं पर अब तक ठोस कार्रवाई करने में लालबर्रा का वन विभाग नाकाम साबित हो रहा है। सागौन माफिया शासकीय जंगल का सागौन काटकर गाड़ियों में अवैध रूप से परिवहन कर कीमती दामों में बेचकर मालामाल हो रहे हैं। लखपति बन रहे हैं। पुलिस यदि ईमानदारी व जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करे तो मंदिर से एक चप्पल भी चोर चुरा कर नहीं ले जा सकता। इसी तरह यदि वन विभाग का पूरा अमला बीट गार्ड से लेकर रेंजर तक यदि शासन से प्रतिमाह मोटी तनख्वाह लेते हैं तो इसको अपनी जिम्मेदारी और ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करें तो सागौन की अवैध कटाई व परिवहन करने वाले माफियाओं को वन विभाग रंगे हाथ पकड़कर ठोस कार्रवाई कर सकता है। यह खाकी वर्दी वाले गरिब मजदूर किसान यदि जंगल से कभी कभार लकड़ी ला लें तो उन्हें परेशान करते हैं, उनसे पैसों की मांग करते हैं लेकिन बड़े स्तर के खेल खेलने वाले लखपति बनने वाले माफियाओं की गर्दन तक इनके हाथ नहीं पहुंच रहे हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय अधिकारी यदि स्वयं अपनी टीम के साथ पूरे जंगल का भ्रमण करें तो उन्हें स्वयं ही वस्तु स्थिति जमीनी हकीकत समझ में आ जाएगी की जंगल के अंदर क्या हाल है। वरिष्ठ अधिकारी व सरकार को इनकी वेतन काटना चाहिए, अब आगे देखना होगा कि वन विभाग ऐसे माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं। जानकारी मिली है कि लामता परियोजना मंडल निगम अभी तस्करों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक्शन मूड पर है। अभी मंगलवार को कंजई घाटी पर जो पिकअप पलटी और 4 सागौन चोर जंगल की तरफ भागने में सफल हो गए। देखते हैं आगे कोई ठोस कार्रवाई होती है या फिर कुछ मोटा लेनदेन कर छोड़ दिया जाता है या फिर राजनेताओं के फोन आने या संरक्षण पर मामले को ठंडा बस्ते में डाल दिया जाता है।

# खेतों में पानी भरने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम प्रदर्शन

## कॉलोनाइजर कुमार कांवरे और अतुल वैध का नाम लेकर भड़के किसान



कॉलोनाइजर द्वारा पानी निकासी का रास्ता बंद करने के आरोप।

भूमाफियाओं का जिले में आतंक है, अपनी दबंगई के दम पर वह अवैध कॉलोनी काटते है और फिर खेत में बारिश के पानी के निकासी का रास्ता रोक कर उसे बंद कर देते। बारिश में जब खेतो में पानी भराव हुआ तो किसानो को फसल ख़राब होने का भय सताने लगा और किसानो ने अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ चक्का जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी।



राजकुमार उर्फ़ कुमार कावरे : दबंगई दिखाकर कर रहा मनमानी।



अतुल वैद्य : कॉलोनाइजर की सहूलियत बनी किसानो का सिरदर्द।

बालाघाट। राष्ट्रबाण

समय और समस्या कैसी भी हो, जिले के किसानो को हमेशा परेशान ही देखा गया है। परिस्थिति यहां तक बन जाती है कि अपनी समस्या का निराकरण करने के लिये किसानो को किसी भी समय पर आंदोलन करना पड़ जाता है। कुछ ऐसी ही तस्वीर शनिवार की सुबह पुनः सामने आई, जहां किसानो ने पानी से डूबे अपने-अपने खेतो को लेकर अचानक चकाजाम प्रदर्शन कर दिया। लेकिन इस बार किसानो में आक्रोश शासन-प्रशासन या किसी जनप्रतिनिधि के खिलाफ नही था, बल्कि शहर के बडे कॉलोनाईजर रामकिशोर कावरे क़े भाई कुमार के खिलाफ था, जिन्होने कॉलोनी निर्माण के नाम पर उस नाले को बंद कर दिया था जिसके माध्यम से किसानो के खेतो का पानी निकल जाता था। स्थिति अनुसार पानी अब खेतो में ही भरा हुआ है और खेत डूबे होने से धान की रोपाई नही हो पा रही है। वही जो नर्सरी तैयार की है, उसके डूबे होने व सढ़ने का खतरा बढ गया है। जहां किसानो में इसी बात को लेकर आक्रोश भी बढ गया है।

दरअसल, बालाघाट-बैहर राजमार्ग पर आवलाझरी मे बड़ी संख्या में किसानों ने शनिवार सुबह चक्काजाम कर दिया है। मुख्य मार्ग के निकट आवलाझरी स्थित पेट्रोल पम्प क़े पास कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी निर्माण के नाम पर नाले को बंद कर दिया गया, जिसके विरोध में किसानो ने आंदोलन किया। यहां प्रदर्शनकारी किसानो ने बताया कि नाला बंद होने की वजह से खेत डूब गए हैं। पानी निकासी न होने की वजह से बरसाती पानी करीब खेतो में जमा हो गया है, जिसकी वजह से धान की फसल/रोपे बर्बाद हो गये। पहले भी किसानों ने जिला प्रशासन से नाला खुलवाने की मांग रखी थी, लेकिन कावरे क़े राजनैतिक दबाव और रसूख क़े चलते यह कार्रवाई नहीं हो सकी। अब जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही हल्की बारिश के कारण खेतों में पानी जमा हो गया है और वे अपने खेतो में रोपाई का कार्य नही करवा पा रहे है। जिसे लेकर ही प्रभावित किसान बालाघाट-बैहर मार्ग पर स्थित आंवलाझरी पेट्रोल पंप के पास धरने पर बैठ गए। किसानो के प्रदर्शन से मार्ग के दोनों छोर में वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसमें बस, ट्रक, निजी कार सहित दो पहिया वाहन चालक भी अपने गंतव्य तक जाने के लिए परेशान होते रहे। वही सूचना पर भरवेली पुलिस, कोतवाली पुलिस के अलावा तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार मौके पर पहुंचे और किसानो को समझाने का प्रयास किया। लेकिन यहां पर लंबे समय तक गहमागहमी का माहौल रहा। किसानों के चक्काजाम प्रदर्शन करने की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे मौके पर पहुंची और किसानो की समस्या पर चर्चा की। उनके अलावा पूर्व सांसद कंकर मुंजारे भी पहुंचे थे। जिनके निर्देश पर प्रशासन ने नाला खुलवाकर पानी निकलने की व्यवस्था बनाई।

किसानो के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आंवलाझरी में स्थित जमीन हिरा वैध क़ी बतायी जा रही है जिसमे पार्टनर क़े रूप मे कुमार कांवरे (पूर्वमंत्री रामकिशोर कावरे के भाई) व अतुल वैद्य के द्वारा वहां जमीन खरीदकर प्लाटिंग का कार्य शुरू किया गया हैं। जिससे आसपास के खेतो का पानी निकल नही पा रहा है। पानी निकलने का रास्ता ना होने से खेत डुबे हुए है और धान की रोपाई नहीं हो रही है। किसानों का कहना था कि उनकी धान की फसल को क्षति पहुंच रही हैं। जिसमें देवटोला, आंवलाझरी, बघोली और बोदा गांव के किसानों को ज्यादा समस्या बन रही हैं। जबकि सालों से यहां पर पानी निकासी हो रही थी। लेकिन कालोनाइजरो के द्वारा रसूख का इस्तेमाल कर पानी निकासी का रास्ता बंद कर दिया गया है।

विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि कई वर्षो से किसानों के खेतों से पानी निकासी हो रही थी, लेकिन उसे बंद कर दिया गया है। किसानों के खेतों का पानी रोका जाना गलत हैं। बिल्डर को नाला बंद नहीं करना चाहिए। किसानों को कोई दिक्कतें हुई तो आगे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। किसानों की इस समस्या को प्रशासन ने भी गंभीरता से नहीं लिया। जिसके चलते यह चक्काजाम करने बाध्य हुये हैं। राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है कि पानी निकासी की व्यवस्था बनाये. कोई कितना ही रसूखदार हो पर पानी रोकने का अधिकार किसने दिया है।

# नक्सलियों का सहयोगी बताकर पुलिस ने नैनसिंह को किया गिरफ्तार

## आदिवासीयों पर अत्याचार कर रही पुलिस, राष्ट्रपति तक शिकायत करेगे : पूर्व सांसद कंकर मुंजारे

● पूर्व सांसद कंकर मुंजारे व परिजनो ने प्रेसवार्ता लेकर पुलिस कार्यवाही को बताया षडयंत्र



नैनसिंह : पुलिस ने नक्सली का सहयोगी बता गिरफ्तार



प्रेसवार्ता लेकर पुलिस कार्यवाही को पूर्व सांसद कंकर ने बताया षडयंत्र।

बालाघाट। राष्ट्रबाण

मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य लेकर हर मुहाने पर कार्यवाही कर रही बालाघाट पुलिस ने नक्सलियों का सहयोगी होने के संदेह में ग्राम ठाकुरटोला के एक ग्रामीण को हिरासत में लिया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। जब इसकी जानकारी परिजनो को लगी तो युवक के परिजन सीधे जिला मुख्यालय पहुंचे और पूर्व सांसद कंकर मुंजारे को आपबीती सुनाई। मामला संज्ञान में आने के बाद पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने परिजनो (मॉ धुरपता बाई, भाई भैंनसिंह धुर्वे, पत्नी कुंतीबाई समेत अन्य परिजन) के साथ संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता ली। जहां उन्होने पुलिस कार्यवाही पर सवाल उठाया और कहा कि पुलिस अब आदिवासीयों के साथ अत्याचार करने पर उतर आई है। ऐसे में नक्सलवाद कभी खत्म नही हो सकता। हम इसकी राष्टपति तक शिकायत करेगें।

दरअसल, गोदरी चौकी पुलिस ने 03 जुलाई को ग्राम ठाकुरटोला निवासी नैनसिंह धुर्वे नाम व्यक्ति को नक्सलियों का सहयोगी होने के संदेह में गिरफ्तार किया और उसके घर में सर्च अभियान चलाकर एक संदेहस्पंद पर्चा भी बरामद की। लेकिन इस पूरे घटनाचक्र को पूर्व सांसद कंकर मुंजारे व नैनसिंह धुर्वे के परिजनो ने एक षड़यंत्र बताया। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे व नैनसिंह के परिजनो में भाई भैनसिंह धुर्वे व मॉ धुरपताबाई धुर्वे ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता लेकर बताया कि नैनसिंह मजदूरी का कार्य करता है और गोदरी चौकी में पदस्थ पुलिस आरक्षक रिंकु राणा उसका खास मित्र है। जो 03 जुलाई को घर आया और नैनसिंह को पार्टी करने के बहाने अपने साथ लेकर गया। जहां उसके साथ पार्टी की और नैनसिंह को शराब भी पिलाई। लेकिन नैंनसिह 03 जुलाई की देर रात तक घर नही लौटा। परिजनो को जब चिंता हुई तो उन्होने नैंनसिंह के मोबाईल पर फोन किया। लेकिन फोन का कोई जवाब नही मिला और बाद में मोबाईल भी बंद आने लगा।

नैनसिंह के भाई भैनसिंह धुर्वे ने बताया कि अगले दिन 04 जुलाई को पुनः गांव के युवक के मोबाईल से फोन लगाया तब भी कोई संपर्क नही हुआ। उसके बाद सीधे नैनसिंह के मित्र पुलिस आरक्षक रिंकु राणा से फोन पर बात की, जहां उसने जानकारी दी कि वे लोग लांजी थाने में है और शाम तक घर आ जायेगें। इसी बीच नैनसिंह के घर पुलिस की फोर्स पहुंच गई और घर में सर्च अभियान शुरू कर दिया। जहां उन्हे कुछ नही मिला। इस पर परिजनो को आभास हुआ कि कुछ तो गड़बड है। वही कुछ समय बाद पुलिस पुनः नैनसिंह के घर पहुंची और परिजनो को घर से बाहर करवाकर घर की तलाशी ली। जहां पुलिस को नैनसिंह के घर से कुछ संदेहस्पद सामान बरामद हुआ, जो नक्सलियों का सहयोगी होने की स्थिति को स्पष्ठ करती है। इस पुरे घटनाचक्र से परिजनो को आभास हुआ कि पुलिस नैनसिहं को जबरन नक्सल केस में फंसा रही है और झूठा मामला दर्ज करके उसे जेल भेज देगी। जिसके बाद परिजन और ग्रामीण 05 जुलाई की दोपहर जिला मुख्यालय पहुंचे और पूर्व सांसद कंकर मुंजारे से मुलाकात करके पूरी आपबीती सुनाई। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि पुलिस अब आदिवासीयों पर अत्याचार करने पर उतर आई है। ऐसे में नक्सलवाद कभी खत्म नही हो सकता। हम इसकी राष्टपति तक शिकायत करेगें।

इधर, देर शाम उक्त आरोपो के विपरित पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान याने आपरेशन प्रहार से संबंधित कार्यवाही से जुडा प्रेसनोट जारी किया। जिसमें पुलिस ने नैनसिंह के खिलाफ हुई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी। जहां उन्होने नक्सल समर्थन मे कुकर, विस्फोटक बनाने की सामग्री एवं दैनिक वस्तुए उपलब्ध कराने वाले आरोपी नैनसिंह धुर्वे को गिरफ्तार करना बताया। जारी प्रेसनोट में पुलिस के अनुसार विगत दिनों पचामादादर- कटेझिरिया के जंगल मे मुठभेड के बाद से ही बालाघाट पुलिस के द्वारा सर्चिंग कार्यवाहियों के अंतर्गत नक्सलियों की तलाश एवं नक्सलियों की मदद कर विधिविरूद्ध क्रियाकलाप मे लिप्त लोगों एवं इस पूरे इकोसिस्टम की जानकारी प्राप्त कर लगातार तस्दीक की जा रही थी। इसी समय ग्राम ठाकुर टोला का रहने वाला नैनसिंह धुर्वे की लगातार नक्सलियों की मदद करने एवं नक्सल विचारधारा का प्रचार प्रसार करने संबंधी विधि-विरूद्ध क्रिया कलापों में शामिल होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। जिस पर गुप्त रूप से पैनी निगरानी रखी गयी। इसी बीच पुलिस ने सूचना पर ठाकुरटोला निवासी नैनसिंह धुर्वे से गहन पूछताछ की गई, जिसने नक्सल गतिविधियों मे शामिल होना स्वीकार किया। उसने बताया कि गांव मे पिछले 06 महीनों में करीबन 3 से 4 बार नक्सलियों द्वारा बैठक ली गई। नैनसिंह धुर्वे द्वारा नक्सलियों की मांग पर आई.डी. ब्लास्ट मे उपयोग की जाने वाली कुकर बम बनाने की सामग्री तथा मल्टीमीटर बैटरी, वायर, ब्राउन टेप, ग्रीस, इलेक्ट्रॉनिक टेप, बोल्ट कटर आदि उपलब्ध कराई गई। नैनसिंह धुर्वे के घर की सर्चिंग करने पर नक्सली संतू की हस्तलिपि मे एक सूची प्राप्त हुई है जिसमे स्पष्ट रूप से विस्फोट करने की उक्त सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही गयी है। अतः ग्राम ठाकुर टोला के नैनसिंह धुर्वे के खिलाफ विधि विरूद्ध क्रियाकलाप की गतिविधि मे संलिप्त होने के पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए है। इसके निवास स्थान से प्राप्त नक्सलियों की हस्तलिपि की पर्ची को विधिवत बीएनएसएस की धारा 105 के तहत विडियो रिकार्ड कर जब्त की गई। नैनसिंह धुर्वे से जब्त मोबाइल फोन का एनालिसिस किया जा रहा है।

# बालाघाट के सरेखा अंडरपास में पानी का रिसाव

## एक साल में ही ब्रिज की खुली पोल, एसडीएम ने रेल प्रबंधक को लिखा पत्र

बालाघाट। राष्ट्र बाण



बालाघाट जिले में सरेखा ओवरब्रिज के साथ बने अंडरपास में पानी का रिसाव शुरू हो गया है। रेलवे ठेकेदार ने एक साल में इस अंडरपास का निर्माण पूरा किया था। लेकिन पहली ही बारिश में इसकी खामियां सामने आई हैं। जिले में लगातार हो रही बारिश के दौरान अंडरपास की भीतरी सतह से पानी रिस रहा है। इसके अलावा कई जगह गड्ढे भी बन गए हैं। पानी जमा होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है।

### ज्वाइंट और ऊपरी सतह से टपक रहा लगातार पानी

एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि सरेखा कोसमी के लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 36 पर बने इस अंडरपास का निरीक्षण किया गया। इसमें पाया गया कि ज्वाइंट और ऊपरी सतह से लगातार पानी टपक रहा है। इससे ब्रिज की दीवारों पर छोटे-छोटे गड्ढे बन गए हैं।

### दूपम रेलवे नागपुर मंडल के रेल प्रबंधक को लिखा पत्र

पानी के रिसाव से वाहनों और नागरिकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इससे दुर्घटना की आशंका भी बन गई है। इस स्थिति को देखते हुए एसडीएम ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के रेल प्रबंधक को पत्र लिखा है। उन्होंने अंडरपास की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश जारी करने को कहा है।

### आगामी 3-4 दिनो में पूरा होगा काम

इस मामले में गतिशक्ति विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर मल्लिकार्जुन राव ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद सुधार कार्य कराया जा रहा है। आगामी 3-4 दिनो में काम पूरा हो जाएगा।

सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

# धनौरा के 86 शासकीय विद्यालय के 1228 बच्चों को दानदाताओं से मिली डेस्क-बेंच

## गिफ्ट अ डेस्क पहल के लिए कलेक्टर सुश्री जैन से बच्चों ने कहा थेंक यू मेंम

सिवनी। राष्ट्रबाण

**शनिवार** 5 जुलाई का दिन धनौरा के शासकीय प्राथमिक स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए नई सौगातें लेकर आया।स्थानीय दानदाताओं नें विकासखंड अंतर्गत आने वाले 86 शासकीय प्राथमिक विद्यालय में 614 डेस्क-बेंच उपलब्ध कराकर बच्चों के दिन को सदा के लिए यादगार बना दिया। दानदाताओं से मिली डेस्क से इन विद्यालयों में अध्ययनरत 1228 बच्चों को अब नीचे नही बैठना पड़ेगा। अब इन विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चें सुविधाजनक रुप से अपनी पढ़ाई कर सकेंगे।

स्कूली शिक्षा सुविधा के उन्नयन की दिशा में यह ऐतिहासिक उपलब्धि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही गिफ्ट अ डेस्क पहल के कारण संभव हो सकी।

इसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की विशेष उपस्थिति में धनौरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर सुश्री जैन में सभी दानदाताओं को धन्यवाद पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह भलावी, जिला पंचायत सदस्य श्री घूरसिंह सल्लाम, पूर्व जनपद सदस्य नवल किशोर श्रीवास्तव, सरपंच दिनेश कुर्वेती सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में दानदाताओं की सहभागिता रही।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने कहा कि शिक्षा समाज के निर्माण मे अपनी महेत वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ नौंकरी का जरिया नही है। एक शिक्षित किसान उन्नत तकनीकों से बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अच्छी आय ले सकता है, एक शिक्षित माँ अपने बच्चों की उचित देखभाल कर सकती है, एक शिक्षित समाज समस्याओं को आपसी समझ से निराकरण करते है।



### कक्षा में हो सकारात्मक वातावरण

कलेक्टर सुश्री जैन ने गिफ्ट अ डेस्क पहल के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि पहल का मुख्य उद्देश्य सुगम कक्षा और सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर बच्चों को स्कूलों तक लाना और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित कर कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा में समाज की भी भूमिका की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने ग्राम के बच्चों की जिम्मेदारी लेने की जरूर है कि बच्चें अनिवार्य रूप से स्कूल जाये। इसी तरह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रोचक रूप से पढ़ाया जाये। कलेक्टर सुश्री जैन ने गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष शासकीय विद्यालय में हुए 153 प्रतिशत अधिक प्रवेश के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर श्री जैन ने धनौरा विकासखण्ड के ग्राम देवरीटिका के डगवेल रिचार्ज मॉडल के लिये मैदानी अमले की सरहाना की। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से वर्षा जल के संचय का संकल्प लेकर भूजल को बढ़ाने के प्रयास करने के लिये प्रेरित किया।

### धरती आबा अभियान का नाट्य रूप प्रदर्शन रहा आकर्षण का केन्द्र

कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों के समक्ष विभिन्न मनमोहक नृत्य एवं नाट्यकला का प्रदर्शन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय भाई-बहनों के लिए चलाई जा रही धरती आबा अभियान अंतर्गत ग्रामवार आयोजित किये जा रहे शिविरों का सजीव चित्रण कर अभियान में मिल लाभों के बारे में बताया गया। जिसकी सभी के द्वारा सराहना की गई। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थिति जनप्रतिनिधियों से धरती आबा योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने में सहयोग करने की अपील की।

# मॉडिफाइड साइलेंसर वाले बुलेट पर चला पुलिस का डंडा

## 7 वाहनों पर 7000 का जुर्माना



मॉडिफाइड साइलेंसर की चेकिंग करती यातायात पुलिस।

सिवनी। राष्ट्रबाण

**पुलिस** अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में, तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट वाहनों पर विशेष अभियान चलाया गया।

यातायात थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष चेकिंग दल ने नगर के बारापत्थर, बाबरिया रोड और अन्य प्रमुख स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान, ÷पटाखे÷ जैसी तेज आवाज निकालने वाले 7 बुलेट वाहनों को पकड़ा गया। इन सभी वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए कुल ज़7,000 (सात हजार रुपये) का समन शुल्क वसूल किया गया।

यातायात पुलिस सिवनी ने सभी वाहन चालकों और आम जनता को चेतावनी दी है कि तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करना मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के विरुद्ध है। भविष्य में भी ऐसे वाहनों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने अपील की है कि ध्वनि प्रदूषण कम करने और यातायात नियमों का पालन करने में सहयोग करें।

# सुजीत जैन से भाजपा पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

सिवनी। राष्ट्रबाण



**सिवनी** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बैतूल जिले के लंबे समय से प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत जैन से आज सिवनी के कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट की। यह भेंट हाल ही में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के अवसर पर हुई।

इस हर्षपूर्ण अवसर पर भाजपा पदाधिकारी लालमणि लालू राय जिला उपाध्यक्ष , गजानन पंचेश्वर जिला महामंत्री , संजय पप्पू सोनी नगर अध्यक्ष , अनूप मिश्रा नगर उपाध्यक्ष , अलकेश रजक पूर्व पार्षद एवं सभापति नगर उपाध्यक्ष, शुभम राजपूत उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, राजकुमार बामनिया अनुसूचित जाति मोर्चा, आलोक राज अनुसूचित जाति मोर्चा, नवनीत सिंह ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी व्यापारी प्रकोष्ठ ने सुजीत जैन का मुंह मीठा कराकर स्मृति स्वरूप उपहार देकर उन्हें बधाई दी, साथ ही उनके कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और वर्षों की निष्ठावान सेवाओं की सराहना की। सभी ने हेमंत खंडेलवाल की नियुक्ति को संगठन के लिए एक सकारात्मक और सशक्त कदम बताया तथा उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊँचाइयाँ मिलने की आशा जताई।

# वार्ड क्रमांक-11 में सोमवार को मतदान

**सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद पद के लिए सोमवार 7 जुलाई को प्रातः 7ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक 03 मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न होगा। मतदान केन्द्र क्रमांक 56 नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्याल कक्ष क्रमांक-1 में 685, मतदान केन्द्र क्रमांक-57 नेताजी सुभाष चंद्र बोस कक्ष क्रमांक-2 में 739 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-58 नेताजी सुभाष चंद्र बोस अतिरिक्त कक्ष में 522 मतदाता इस प्रकार कुल 1946 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

# पौधारोपण : डॉक्टर ने जोड़ा हरियाली से रिश्ता

## पर्यावरण संरक्षण के लिए करेंगे पौधारोपण

मंडला। राष्ट्रबाण



**डॉ** अमित सुलखिया ने अपनी स्वर्गीय माताजी के जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया, उन्होंने बीजा डांडी में इस साल भी 10 पौधे लगाए। पर्यावरण एवं धरती को बचाने के लिए पेड़-पौधे लगाना की आवश्यकता बताते हुए पौधों के पेड़ बनने तक उनका संरक्षण करने का भी संकल्प लिया। डॉक्टर अमित सुलखिया ने बताया कि आज के समय में जो पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है उसका एक ही कारण है कि मानव ने अपने स्वार्थ के लिए पेड़ पौधे एवं वन्य प्राणियों को नष्ट कर दिया है। आज जो गर्मी लग रही है इसका कारण है पेड़ पौधों का न होना, प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम 10 पेड़ों की आवश्यकता होती है। मानव जीवन में आए हैं तो हम कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाए। जिससे पर्यावरण में जो गर्मी उत्पन्न होती है वह पेड़ पौधे लगाने से मौसम ठंडा होता है। कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पर्यावरण से कम होती है, आगे ग्रामीणों ने कहा कि हमारे बुजुर्गो ने पानी को नदी तालाब में देखा, हमने पानी को कुआं तालाब एवं बावरी में देखा आज हमारे बच्चे पानी को बोतलों में देख रहे हैं, आने वाले पीढ़ी को हम पानी कैसे दे पाएंगे क्या यह हमने कभी सोचा है। आगे वाली पीढ़ी को हम खुशहाल जिंदगी देना चाहते हैं तो हमको पर्यावरण की रक्षा करना पड़ेगी। पेड़ लगाएंगे हम तभी पर्यावरण में बदलाव आएगा गांव में पौधारोपण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए करेंगे पौधारोपण

पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया पौधारोपण कर धरती को बचाने के लिए संकल्प लिया. डॉक्टर अमित सुलखिया ने कहा कि कोरोना काल में बहुत से लोग ऑक्सीजन के अभाव में दम तोड़ दिया। यह लोगों को सोचने पर विवश कर दिया कि आने वाले दिनों में अगर हम अभी नहीं जगे तो धरती पर मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा। जिसके लिए हम सभी को अभी से ही जगने की जरूरत है, हम कितना भी पौधा लगा ले जब तक सभी के दिल में पर्यावरण सुरक्षा के प्रति भाव नहीं जगेगा तब तक हम उसकी रक्षा नहीं कर सकते हैं। वर्तमान समय में मौसम में लगातार परिवर्तन होने से जनजीवन एवं फसल चक्र भी पूरी तरह से प्रभावित है। समय पर खेती का नहीं होना एवं बेमौसम प्राकृतिक प्रकोप का होना ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव है. इन सभी से बचने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करने की जरूरत है।

संभाग अध्यक्ष विजय यादव ने कहा अपने माँ के नाम पर दो पौधा जरूर लगाना चाहिए. इस मौके पर मयंक नामदेव , भागवत मरकाम , पूर्व सरपंच अलका कुम्हारे, फ़िरदौस ख़ान , विशाल वरकड़े, दीपिका यादव, काजल बैरागी, दीपिका बर्मन,रूपम, आश्वर्य मेडिकल बीजाडांडी के स्टाफ़ सहित अन्य लोगों ने भी पौधरोपण करने का संकल्प लिया।

# लाखों रुपए लेकर नगर पालिका पिला रहा गंदा पानी

सिवनी, राष्ट्रबाण।




**जिला** मुख्यालय स्थित नगर पालिका सिवनी हर वर्ष लाखों रुपए टैक्स लेने के बाद भी नगरवासियों को शुद्ध पीने का पानी नसीब भी नहीं करवा पा रही है। लोग दूषित और बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं। वर्षो पहले बिछी वाटर सप्लाई लाइन जो कि कुछ हद तक जर्जर हो चुकी है, कई जगह से लीक हो चुकी है। उसी के भरोसे नगर पालिका पानी की सप्लाई नगर में कर रहा है। जिसमें सीवज और नालियों का गंदा पानी मिलकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। जिससे कारण दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। पानी सप्लाई के लिए कई वर्षो पहले पाइप लाइन बिछाई गई थी। जो कि जंग लगकर झरना हो चुकी है। नई पाइप लाइन का कुछ वर्षो पहले बोर्ड की बैठक में ही प्रस्ताव पास हुआ था। लेकिन जर्जर लाइनों को सुधार नहीं किया गया। लिहाजा, जगह-जगह से गल चुके पाइप लाइन के जरिए ही बैक्टीरिया युक्त पानी सप्लाई लोगों के घरों में सप्लाई हो रहा है।

# सेप्टिक टैंक में डूबने से 5 वर्षीय जुड़वा भाइयों की दर्दनाक मौत

सिवनी। राष्ट्रबाण



**जिले** के केवलारी थाना अंतर्गत ग्राम खापा (बंदेली) में शनिवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां पांच वर्षीय जुड़वा भाई प्रबल और प्रभात की सेप्टिक टैंक के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव और परिजनों में मातम पसर गया है।

जानकारी के अनुसार, दोनों मासूम बच्चे अपने घर में ही बने एक खुले सेप्टिक टैंक के गड्ढे के पास खेल रहे थे। खेलते-खेलते वे अचानक टैंक के पानी में गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना मिलने पर केवलारी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर घरों में खुले पड़े गड्ढों और सेप्टिक टैंकों को सुरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों से बचा जा सके।

सिवनी पुलिस का त्वरित एक्शन, आरोपी गिरफ्तार

# 24 घंटे में तेलंगाना से दो नाबालिगों को छुड़ाया

सिवनी। राष्ट्रबाण




**पुलिस** ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी का परिचय देते हुए, गुमशुदा हुई दो नाबालिग लड़कियों को 24 घंटे के भीतर तेलंगाना से सकुशल दस्तयाब कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देश पर, जिले के सभी थाना प्रभारियों को नाबालिगों की दस्तयाबी हेतु विशेष रूप से आदेशित किया गया था। इसी क्रम में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना कुरई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, थाना कुरई में अप.क्र. 323/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत दो नाबालिग लड़कियों की गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। ये दोनों लड़कियां, जिनकी उम्र अठारह वर्ष से कम है, क्रमशः कक्षा आठवीं और नौवीं में पढ़ती हैं। वे प्रतिदिन घर से बस द्वारा स्कूल आती-जाती थीं। दिनांक 02/07/2025 को वे घर से स्कूल जाने के लिए निकलीं, लेकिन शाम को वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने 03/07/2025 को पुलिस चौकी बादलपार, थाना कुरई में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। सायबर सेल की मदद से लड़कियों की लोकेशन नेकोंडा, तेलंगाना में ट्रेस की गई। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए तेलंगाना पहुंचकर दोनों नाबालिगों को सकुशल दस्तयाब कर लिया और इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

इस सफल अभियान में थाना प्रभारी कुरई निरी. के. एस. तेकाम, चौकी प्रभारी बादलपार उप निरी. आर.एस. राजपूत, सउनि देवेन्द्र जायसवाल, प्रआर. राजेश मात्रे, योगेन्द्र सिंह चौहान, आर. प्रफुल्ल सोनेकर, विजय मर्राप, अरविंद इनवाती, बालचंद नगरधने, अविनाश पाण्डेय और चंचलेश नरवरे की उल्लेखनीय भूमिका रही। सिवनी पुलिस के इस त्वरित और प्रभावी एक्शन की चारों ओर सराहना हो रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433